हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार 30 जून 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]




### एक जुलाई को एमआईसी की बैठक, पास होने के बाद ही हो पाएगा संचालन

# टेंडर के बाद एमआईसी से पास नहीं हुए ठेके, कल से थमेगी 27 वार्डों की सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सफाई ठेके को लेकर छिड़े विवाद के बीच अब कल से शहर के दो दर्जन से अधिक वार्डों में सफाई व्यवस्था बदहाल होने वाली है। इन वार्डों में ठेके पद्धति से जिन समूहों को पिछले साल काम दिया गया था, उनकी अवधि आज रविवार को समाप्त हो रही है।

जबकि नए ठेके को लेकर टेंडर प्रक्रिया होने के बाद उसके अब तक एमआईसी से पास नहीं होने के चलते ठेका कल से शुरू नहीं हो पाएगा। जैसी स्थिति बनी है, यदि एमआईसी में टेंडर प्रक्रिया ही निरस्त कर दी जाती है तो फिर अगली प्रक्रिया पूरी होने तक भी सफाई के लिए इन वार्डों को इंतजार करना पड़ सकता है। मिली जानकारी के अनुसार 23 जून सोमवार को शहर के 27 वार्डों में सफाई व्यवस्था करने के लिए ठेका का टेंडर किया जा चुका है। हालांकि इस टेंडर के खुलने से पहले ही इसको लेकर सवाल खड़े किए जा चुके थे। टेंडर खुलने वाले दिन भी स्वास्थ्य विभाग के चेयरमेन गणेश पवार ने नियमों की अनदेखी का हवाला देते हुए टेंडर नहीं खोले जाने की मांग की थी, लेकिन उनकी बातों को नजर अंदाज कर निगम के अफसरों ने टेंडर खोल दिया। अब महापौर हेमा सुदेश देशमुख के साथ ही स्वास्थ्य विभाग के चेयरमेन गणेश पवार का कहना है कि इस टेंडर में चूंकि कई नियमों की अनदेखी की गई है। इस प्रक्रिया को निरस्त कर नए सिरे से टेंडर किया जाएगा। अब देखना यह है कि एमआईसी की बैठक में टेंडर निरस्त होते हैं या नहीं?

**पास होना जरूरी**

सफाई ठेके को लेकर टेंडर की प्रक्रिया कर ली गई है, इसे एमआईसी से पास होना शेष है। ऐसी स्थिती में एक जुलाई को इन वार्डों में सफाई ठेका संचालित नहीं किया जा सकेगा।

- दीपक अग्रवाल, स्वास्थ्य अधिकारी



***27 वार्ड में 306 कर्मचारी तैनात :*** शहर के 27 वार्डों में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने पिछले एक दशक से निगम ठेका करता आया है। 27 वार्डों में ठेका के तहत कुल 306 कर्मचारी तैनात हैं। इसके अलावा शेष वार्डों में निगम के नियमित सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई की जाती है। हाल ही में हुए टेंडर में ठेके वाले वार्डों में कर्मचारियों की संख्या को कम-ज्यादा करने को लेकर सवाल खड़े किए गए हैं।

**एक जुलाई को एमआईसी**

पहले 28 जून को एमआईसी की बैठक होनी थी, लेकिन किसी कारणों के चलते इसे टाल दिया गया था। अब सूचना के अनुसार एक जुलाई को एमआईसी की बैठक होनी है। इस दिन सफाई ठेके को लेकर किए गए टेंडर को निरस्त किया जाता है या पास यह स्थिति साफ हो जाएगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एमआईसी सदस्यों में ही कुछ नेता इसे पास करने का दबाव भी बना रहे हैं। बताया गया कि इन एमआईसी सदस्यों को भी महिला समूहों की आड़ में 1 से 2 ठेका दिए जाने का वादा हुआ है।

**साल में तीन करोड़ का भुगतान**

शहर के इन 27 सफाई ठेकों को सालाना निगम प्रशासन द्वारा करीबन तीन करोड़ रुपए का भुगतान किया जाता है। शासन से अनुमति नहीं होने के चलते इसका पूरा वित्तीय भार निगम को ही वहन करना पड़ता है। इधर 30 जून को सफाई ठेके की समाप्त हो रही अवधि को देखते हुए स्वास्थ्य अधिकारी ने भी सभी महिला समूहों को साफ कर दिया है कि एक जुलाई से काम करने पर भुगतान की जिम्मेदारी निगम की नहीं होगी।

**भाजपा के इशारे पर काम**

शहर सरकार इन दिनो निगम प्रशासन की कार्यप्रणाली से काफी नाराज चल रही है। बताया गया कि सफाई ठेके, एक करोड़ की लाईट खरीदी के साथ ही अन्य दो से तीन कामों में बिना शहर सरकार के संज्ञान ही पूरा काम किया जा रहा है। यह भी आरोप लगाए गए कि भाजपा नेताओ के दबाव में निगम के अफसर नियमो की अनदेखी कर काम कर रहे है। सुत्रों की माने तो अफसरो की जल्द ही शासन से शिकायत कर सकते है।

## अर्जुनी में निर्माणाधीन भवन की दीवार गिरी, 3 बच्चे घायल


- गंभीर रूप से घायल एक बच्चा रायपुर रिफर

**राजनांदगांव।** अर्जुनी गांव में निर्माणाधीन एक सामाजिक भवन की दीवार गिरने के चलते तीन बच्चे घायल हो गए। जिसमें एक बच्चे की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। उसे रायपुर रिफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगांव ब्लॉक के अधीन आने वाले अर्जुनी गांव में आज शाम चार बजे के आसपास एक निर्माणाधीन सामाजिक भवन की दीवार अचानक ढह गई। इस भवन के समीप में कुछ बच्चे खेल रहे थे। दीवार तीन बच्चों के उपर गिरी। जिससे वे घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि दुर्गा मंदिर के समीप बन रहे इस सामाजिक भवन के समीप में ही मैदान है। स्कूल से लौटने के बाद बच्चे वहां खेलने गए थे। सामाजिक भवन की दीवार तीन दिन पहले ही बनी थी। अचानक इसके गिरने से यह हादसा हो गया। इस घटना में क्यूमेश यादव पिता दिनेश यादव उम्र आठ साल को ज्यादा चोंट आई है। उसे रायपुर रिफर किया गया है। वहीं गजेन्द्र सोनकर पिता टीकम सोनकर



उम्र नौ साल, पीयूष साहू पिता टेमन साहू उम्र नौ साल को मामूली चोंटे आई है। ग्रामीणों ने इस घटना की जानकारी डोंगरगांव पुलिस को दी है। पुलिस ने फिलहाल एफआईआर दर्ज नहीं किया है।




### 41 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद

## पुल के पास बेच रहा था शराब, पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिवनाथ नदी पुल के पास ईंट भट्ठा जाने वाले मार्ग में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे आरोपी को पुलिस ने मौके पर दबिश देकर पकड़ा। आरोपी से 41 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद की गई है। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध रूप से शराब बिक्री करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 29 जून को चौकी प्रभारी निरीक्षक कौशलेश देवांगन के नेतृत्व में चौकी सुरगी पुलिस द्वारा ग्राम भरेंगांव शिवनाथ नदी पुल के पास ईंट भट्ठा जाने वाले मार्ग में मुखबीर सूचना पर आरोपी रामअंजोर सिन्हा 38 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 6 टिकरापारा ग्राम भरेंगांव अवैध रूप से मात्रा से अधिक शराब रखकर बिक्री करते रंगे हाथ पकड़ा गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई**

आरोपी के कब्जे से कुल 41 पौवा यूनिक देशी प्लेन शराब 3690 जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध मात्रा से अधिक शराब रखकर अवैध रूप से बिक्री करते पाए जाने पर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल किया गया।

**कोचिया सक्रिय**

इधर सूत्रों ने बताया कि शहर सहित ग्रामीण वार्डों में कई स्थानों पर कोचिया पुनः सक्रिय हो गए हैं और धड़ल्ले से अवैध रूप से शराब बिक्री की जा रही है। जिससे आसपास का क्षेत्र प्रदूषित हो रहा है। वहीं असामाजिक तत्व सक्रिय हो रहे हैं।

### मोहला थाना क्षेत्र के जबकसा में हुआ सड़क हादसा

## दो बाइक में भिड़ंत, छात्र की दर्दनाक मौत, दो घायल, इलाज के लिए भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में लगातार सड़क हादसे में जा रही युवाओं के जान के बीच राजनांदगांव-चंद्रपुर हाईवे में शुक्रवार देर शाम मोहला थाना क्षेत्र के जबकसा मोड़ मे दो बाइक सवारों का आपस में भिड़ंत हो गया। इस हादसे में एक नाबालिग स्कूली छात्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक नाबालिग सहित दूसरा मोटर साइकिल सावर युवक जिंदगी और मौत के बीच में है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक छात्र समीर कुमार सलामे पिता टीकेंद्र सलामे 17 वर्ष ग्राम ढोकला निवासी तथा सहपाठी दोस्त जीवन बोगा पिता रामसिंग बोगा 17 वर्ष निवासी पाटनख्वास तहसील मोहला एक साथ मोटर साइकिल में सवार थे। इस दौरान विपरीत दिशा से आ रहे ओमप्रकाश लेड़िया पिता लोमन लेड़िया 23 वर्ष निवासी




चापाटोला तहसील मोहला निवासी युवक तेज रफ्तार में हाईवे में सफर कर रहे थे। अचानक जबकसा मोड़ में दोनों बाइक सवारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस घटना में घटनास्थल पर ही समीर कुमार की मौत हो गई। वहीं दोनों गंभीर रूप से घायल युवकों को आनन-फानन में सड़क से उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहला लाया गया, जहां स्थिति नाजुक होने पर दोनों को मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया है। दोनों क्षतिग्रस्त बाइक को पुलिस ने जब्त करते मर्ग कायम किया है।

**बढ़ रहे हादसे**

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में लगातार सड़क हादसे में युवाओं की मौत का ग्राफ बढ़ता जा रहा है। दिन-प्रतिदिन एक्सीडेंट में दर्दनाक मौत या अपाहिज होने की खबरें आम हो गई है।

**मामले की जांच की जा रही**

एक छात्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दो युवकों को मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में भर्ती कराया गया है। मर्ग कायम कर आगे की जांच की जा रही है।

- दिलीप कुमार धुर्वे, एएसआई मोहला










## खबर संक्षेप

### मुनि संघ का मंगल प्रवेश आज



**डोंगरगढ़।** समाधिस्थ संत 108 आचार्य विद्यासागर महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य 108 मुनि श्री आगम सागर, 108 मुनि पुनीत सागर एवं 105 एलक धैर्य सागर महाराज की मंगल अगवानी कल 30 जून को संभावित है। 28 जून को दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष अनिल जैन, कोषाध्यक्ष जय कुमार जैन, सचिव यतीश जैन, राजेन्द्र जैन, सुशील जैन, आलोक जैन और जागृति महिला मंडल ने श्रीफल चढ़ाकर निवेदन किया। मुनियों की उपस्थिति में 8 से 16 वर्ष के बच्चों का उपनयन संस्कार चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र में आगामी 11 जुलाई को होगा। यह जानकारी निशांत जैन ने दी।

### मुक्तिधाम में कब्जा करने का प्रयास



**डोंगरगढ़।** चौथना मुक्तिधाम के सामने स्थित शासकीय जमीन में अवैध कब्जा होने के बाद भी प्रशासन कार्यवाही करने के बजाय कब्जा करने वालों को संरक्षण दे रहा है। बोरतलाव मार्ग पर चौथना मुक्तिधाम शहर के छिरपानी मुक्तिधाम के बाद दूसरा बड़ा मुक्तिधाम है। यहां लगभग 200 मीटर में लोगों ने निर्माण सामाग्री रख दिया है। कुछ लोगो ने तो कब्जा करते हुए निर्माण भी शुरू कर दिया है। कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कब्जा हटाकर मुक्तिधाम को बचाने की मांग की है।

### सेवानिवृत्त कर्मी को विदाई



**अंबागढ़ चौकी।** उच्चत्तर माध्यमिक शाला आमाटोला में पदस्थ सहायक ग्रेड तीन लेखराम साहू के सेवानिवृत्त होने पर समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। इस मौके पर कर्मचारियों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए दीघायु होने की मंगल कामना किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने बताया कि सेवानिवृत्त कर्मी को भुगतान होने वाले स्वत्वों की गणना कर स्वीकृति आदेश तैयार कर पेंशन प्रकरण संयुक्त संचालक, कोषलेखा एवं पेंशन दुर्ग को प्रेषित कर दिया गया है। सहायक संचालक मनीष कुमार मिश्रा के तत्परतापूर्वक कार्यवाही करने के बाद संयुक्त संचालक डॉ. दिवाकर सिंह राठौर ने पीपीओ एवं जीपीओ जारी कर दिया है।

### प्राचार्य को दी विदाई



**मुरमुंदा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरमुंदा में प्राचार्य नंदा मेश्राम को समारोह पूर्वक विदाई दी गई। कार्यक्रम में शाला स्टाफ ने शाल, श्रीफल,पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुरमुंदा सरपंच खेमचंद सोरी, शाला विकास समिति के अध्यक्ष शिव राम चंद्रवंशी, उपसरपंच ममता कौशिक, दीना कदम, अजित साखरे, विनित श्रीवास्तव, कल्पना गणवीर, ज्योति मेश्राम, गीतांजली बोडखे, सुनीता चंद्राकर, परिणीतासिंह, मेधा पुराणिक, वंदना मुदलियार, सजल सिंह, भूपेंद्र तोंड़े, अनिता, रीना, माया एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जेठ ने तपाया और जगाया, अब पौधे लगाने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

जेठ के महीने में पारा के 47 डिग्री के आसपास पहुंचने और भविष्य में सूरज की तपन के प्रभाव को कम करने के लिए शहरी क्षेत्र में जन सहयोग से सघन पौधरोपण करने का प्लान तैयार किया गया है। कलेक्टर संजय अग्रवाल और एसडीएम मनोज मरकाम के नेतृत्व में आगामी 15 जुलाई तक करीब 4000 फलदार, छायादार और औषधि पौधे लगाया जाना प्रस्तावित है। पौधे लगाने के साथ सुरक्षा और सवर्धन का पुख्ता इंतजाम किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि जेठ माह में गर्मी ने काफ़ी तीखे तेवर दिखाए थे। हालात यह हो गए थे कि पारा के 47 डिग्री के आसपास पहुंचने के बाद लोगों को कूलर आदि से भी शीतलता का एहसास नहीं हो रहा था। इस गर्मी ने लोगों को इस बात का भी एहसास करा दिया कि अभी भी पौधे लगाने की सार्थक पहल नहीं की गई तो भविष्य में हालात और भी विकराल हो सकते है। भविष्य की विभीषिका को देखते हुए शहर सीमा क्षेत्र में सघन पौधोंरोपण करने की बात उठा रही थी। जनभावना और जरूरत को देखते हुए एसडीएम श्री मरकाम द्वारा पौधरोपण करने पर खास जोर दिया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को सामाजिकजनों की बैठक आयोजितकर पौधरोपण का विस्तृत प्लान तैयार किया गया।

## नगर पंचायत क्षेत्र में लगेंगे 4 हजार पौधे

### बीटीआई से होगी शुरूआत

एसडीएम श्री मरकाम ने बताया कि पौधरोपण अभियान की शुरूवात आगामी 3 जुलाई को बीटीआई से होगी। यहां द्वितीय वर्ष के छात्र अध्यापकों द्वारा करीब 200 पौधों का रोपण किया जाएगा। इसी प्रकार आने वाले दिनों में मटिया के बड़े परिया क्षेत्र के लगभग छह एकड़ भू भाग में फलदार, छायादार और औषधि पौधे लगाया जाना प्रस्तावित है। इसी कड़ी में नदी के किनारे शासकीय और निजी जमीन पर लगड़ा आम के पौधे लगाए जाएंगे। शहर की विभिन्न कालोनियों ने गार्डन के लिए आरक्षित भूमि पर पौधरोपण जनसहयोग से करने की तैयारी की गई है। शहर में करीब चार हजार ऐसे पौधे लगाने की तैयारी की गई है जो अगले दो साल में विकसित और तीसरे साल फल देने लगे।



### मटिया रोड में बिखरेगी सुंदरता

जानकारी के अनुसार थाना चौक से मटिया चौक तक छायादार और शोभाकारी पौधे लगाए जाएंगे। इन पौधों में गर्मी के दिनों पानी डालने का बीड़ा नगर पंचायत के सहयोग से अधिवक्ता ओमप्रकाश पाठक आदि ने उठाया है। वहीं विभिन्न सामजिक संगठनों द्वारा पौधे लगाने के साथ उसकी सुरक्षा का प्रबंध भी किया जाएगा। इसी कड़ी में बोर खनन के साथ सुरक्षा के लिए फैंसिंग करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। आज हुई बैठक में एसडीएम श्री मरकाम के अलावा सीएमओ डीएस पाल, जिपं के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, नपं अध्यक्ष हीरा निषाद, पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता, संतोष यादव, हेमंत चोपड़ा, सरिता ढीमर, राजेन्द्र ठाकुर, अरूणा देवांगन, अर्जुनी सरपंच द्रोपति साहू, प्रेम गोस्वामी, गोविंद गुप्ता, महेन्द्र लेंझारे, टिंकू देवांगन, आरके ठाकुर, देवेन्द्र जैन आदि शामिल हुए।

## ठेकेदार ने मरम्मत कार्य को छोड़ा अधूरा

# झंडातालाब स्कूल भवन जर्जर पेड़ के नीचे पढ़ने मजबूर बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शिक्षा सत्र शुरू होने पर गुरूवार को स्वागत के साथ बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिया गया। जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने प्रेरित किया किन्तु स्कूलों की हालत ऐसी है कि वहां बच्चों की पढ़ाई होना ही संभव नहीं है। अंचल में एक स्कूल ऐसा भी है जहां के बच्चों को इन दिनों पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ाई करना पड़ रहा है। वर्तमान में बारिश नहीं होने से जैसे तैसे पढ़ाई हो रही है किन्तु अधिक बारिश होने से अवकाश देने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा।

जानकारी के अनुसार ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम झंडातालाब के स्कूलों का मरम्मत कार्य अधूरा होने से बच्चों को पेड़ के नीचे बैठ कर पढ़ाई करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार ठेकेदार ने 6.50 लाख की लागत से होने वाले मिडिल एवं प्राथमिक शाला का मरम्मत कार्य लगभग 7 माह पहले शुरू किया था जिसे पूरा होने के पहले ही बंद कर दिया है। वर्तमान में बच्चे पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ने मजबूर हैं।



### राशि मंजूर फिर भी भवन जर्जर

जानकारी के अनुसार पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने स्कूल की दशा को देखते हुए मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए राशि जारी किया था, किन्तु बिगड़े सिस्टम के चलते कई स्कूल आज भी जर्जर अवस्था में है। हैरानी वाली बात यह है कि बच्चों और शिक्षकों को दिक्कत होने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लंबित कार्यों को पूरा कराने में अपेक्षित रूचि नहीं दिखा जा रहा है।

### राशि पड़ी कम

झंडातालाब के सरपंच देवराम ठाकुर ने बताया कि लगभग 7 से 8 माह पहले ठेकेदार ने निर्माण कार्य शुरू किया था किंतु बिना जानकारी दिए ही ठेकेदार ने कार्य को अधूरा छोड़ते हुए बंद कर दिया है। बीईओ बिरेंद्र कौर गरचा ने बताया कि जर्जर स्कूल की मरम्मत ठेकेदार ने शुरू कर दिया था, लेकिन अब जानकारी मिल रही है कि राशि की कमी के चलते ठेकेदार ने काम को बंद कर दिया है। मरम्मत कार्य शुरू करने के लिए विभाग व ठेकेदार से जानकारी ली जाएगी।

## किसानों को बारिश का इंतजार...



**सड़क अतरिया।** अषाढ़ माह लगते ही किसान खरीफ फसल की बोआई करने में लग गए हैं। अषाढ़ माह लगे सप्ताह भर हो गया है पर अब तक क्षेत्र में झमाझम बारिश नहीं हुई है। किसानों को अच्छी बारिश का इंतजार है। साधन संपन्न किसान बोर आदि माध्यम से रोपा पद्धति द्वारा पौधा रोपण कर रहें हैं तथा शेष किसान समान्य पद्धति से बोआई करने के लिए बारिश होने के इंतजार में हैं। किसानों ने बताया कि अच्छी बारिश नहीं होने से तापमान अधिक है तथा रोपे गये पौधे तैयार होने में समय लग रहा है। बढ़वार भी थम गई है।

# आज होगी व्यापमं की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस जयवर्धन ने शुक्रवार को व्यापम परीक्षा के आयोजन को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। कल 30 जून को बीएड और डीएलएड सहित आगामी दिनों में अन्य प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा आयोजित होना है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल के निर्देशानुसार व्यापम परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए पर्यवेक्षक एवं परीक्षा समन्वयक नियुक्त किया गया है। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा संचालन के लिए निर्धारित निर्देशानुसार परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्वक संपन्न कराए। परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी का दस्तावेज परीक्षण सही तरीके से करें। परीक्षार्थी की फोटो एवं हस्ताक्षर का मिलान सही तरीके से करें। कोई भी परीक्षार्थी फर्जी तरीके से पेपर ना दिलाए। उन्होंने कहा कि परीक्षा संचालन के दौरान समय का विशेष ध्यान रखें एवं किसी प्रकार की लापरवाही ना करें।

# एबीईओ ने किया स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ साल्हेवारा

एबीईओ गिरेन्द्र कुमार सुधाकर ने गत दिनों प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला आमगांव घाट, रामपुर, कोपरो, भटली, कल्लेपानी, संमुदपानी, निजामडीह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को शैक्षिक गुणवत्ता, शिक्षक डायरी का संधारण, अभ्यास पुस्तिका पर प्रतिदिन कार्य करने का निर्देश दिया। पूर्व माध्यमिक शाला कोपरो में सभी शिक्षक उपस्थित मिले। उन्होंने शिक्षकों को समय पर शाला आने के निर्देश दिए। प्राथमिक शाला कोपरो में प्रभारी प्रधान पाठक रमेशर कंवर बिना सूचना के अनुपस्थित मिले। प्राथमिक शाला कल्लेपानी में कम बच्चे उपस्थित थे।

उन्होंने पूर्व माध्यमिक एवं शासकीय प्राथमिक शाला समुंदपानी का भी निरीक्षण किया। प्राथमिक शाला निजामडीह की जर्जर छत का अवलोकन करते हुए शीघ्र मरम्मत कराने का निर्देश दिया। इस दौरान संकुल समन्वयक मनोज मरकाम, परमेश्वर कौशिक, धनीराम डड़सेना, तारण धुर्वे एवं तोरन साहू उपस्थित थे।



# पालिका ने ली सुध, संवरेगा मुक्तिधाम

- जीर्णोद्धार कार्य में नागरिक ले रहे बढ़-चढ़कर हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अंततःनगर पालिका प्रशासन ने मुक्तिधाम को दुरुस्त करने का बीड़ा अपने हाथ में लिया है।

मुक्तिधाम समिति के सदस्यों के साथ पालिका अधिकारी चंद्रकांत शर्मा मुक्तिधाम को स्वच्छ करने प्रतिदिन मेहनत कर रहे हैं। मुक्तिधाम की सफाई में जेसीबी, ट्रैक्टर आदि का उपयोग कर गंदगी साफ किया जा रहा है। वहीं पालिका के कर्मचारी खरपतवार को साफ करने जुटे हैं। दूसरी ओर मुक्तिधाम समिति के सदस्य कैलाश अग्रवाल, पार्षद उमा महेश वर्मा, मनोज गुप्ता, दविंदर सिंह, पिंटू भाटिया, विजय बिंदल, अनिल अग्रवाल, चेतन अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, सन्नी चिखले आदि कार्यों पर नजर रखे हुए हैं।

जल्द ही मुक्तिधाम में निर्माण कार्य प्रारंभ होने वाला है। मुक्तिधाम का कायाकल्प करने के लिए नागरिकों में होड़ मची है। जानकारी के अनुसार मुक्तिधाम में गार्डन बनाने की भी पहल हो रही है। सांसद प्रतिनिधि मोंटी भाटिया, मनोज दम्मानी सहित अन्य पौधों में ट्री गार्ड लगाने का संकल्प ले चुके हैं। मुक्तिधाम में बैठक व्यवस्था के लिए सुरेंद्र सिंह बन्नोआना ने पहल की है।

पेयजल व्यवस्था त्रिलोचन सिंह भाटिया कर रहे हैं। जन सहयोग से ग्रेनाइट लगाने का कार्य आगामी एक जुलाई से प्रारंभ होने की संभावना है। मुक्तिधाम में नए शवदाह गृह की भी पहल की जा रही है जिसमें कम ईंधन में शवदहन हो सकेगा।

### नागरिकों की मांग

स्थानीय नागरिकों ने मुक्तिधाम में पुरातन काल में बने मठों के स्थान पर पौधारोपण करने तथा पूर्वजों के नाम से वृक्ष लगाकर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मुक्तिधाम समिति से मांग की है जिससे बैठक व्यवस्था सुधरेगी तथा गंदगी से मुक्ति मिलेगी। पेयजल व्यवस्था के साथ अन्य जरूरी मूलभूत सुविधाओं की ओर भी ध्यान देने के सुझाव लगातार मिल रहे हैं।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## प्रवेश उत्सव में किताबों और गणवेश का वितरण

# स्कूलों में नवप्रवेशी छात्रों का हुआ स्वागत





हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

नवीन शिक्षा सत्र के पहले दिन प्राथमिक शाला पांगरी में प्रवेश उत्सव और न्योता भोज का आयोजन किया गया। कक्षा पहली में दाखिल लेने वाले बच्चों का स्वागत कर मिठाई खिलाया गया। बच्चों को पुस्तक और गणवेश अतिथियों ने प्रदान किया। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति की अध्यक्ष तुलसी राम निषाद ने न्योता भोज का आयोजन कर बच्चों को समोसा, जलेबी खिलाया। मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री के संदेश का वाचन शिक्षक सुभाष कोमा ने किया। इस अवसर पर प्रहलाद देवांगन, विजय ठाकुर, दुलारी यादव, बिन्दा निषाद, तानेश्वरी साहू, यमुना पटेल, सुनिता निषाद, गजरू निषाद सहित अन्य उपस्थित थे।


### नियमित स्कूल आने किया प्रेरित



**बांधाबाजार।** प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला आलकन्हार में प्रवेश उत्सव के साथ शिक्षक हीरा लाल आर्य ने अपनी पुत्री ख्याति आर्य का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर न्योता भोज का आयोजन किया। नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत कर मिठाई खिलाया गया। बच्चों को गणवेश एवं पुस्तक प्रदान किया गया। इस दौरान संकुल प्राचार्य जीएस साहू, संकुल समन्वयक पीएल देशमुख, गिरधारी लाल कोमा आदि उपस्थित थे।

### जंगलपुर में प्रवेश उत्सव

**बांधाबाजार।** प्राथमिक शाला जंगलपुर में प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के सदस्य, ग्रामीण, पालक आदि शामिल हुए। नोडल कें रूप में आरआई श्रीमती खान कार्यक्रम में सम्मिलित हुई। माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद नवप्रवेशी बच्चों का अतिथियों ने स्वागत किया। सभी बच्चों को पाठ्यपुस्तक और गणवेश वितरित किया गया। इस दौरान छात्र छात्राओं को खीर, पुड़ी, भजिया खिलाया गया। इस मौके पर शिवलाल ठाकुर, घनाराम ठाकुर, मनोहर सोनवानी, तिलोचन राव, रामलाल सहारे, कमल मंडावी, गायत्री यादव, केबी डोंगरे, लिलेश्वरी ठाकुर, हिना शिंदे, भुनेश्वरी, बिशन, प्रमिला, अंजनी, दीपेशवरी उपस्थित थी। यह जानकारी सुरेन्द्र घावडे ने दी।



## खबर संक्षेप



### गुजराती स्कूल में मना शाला प्रवेश उत्सव

**राजनांदगांव।** गौरवपथ स्थित गुजराती राष्ट्रीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला में 26 जून को शाला प्रवेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्कूल प्राचार्य डीआर नावेलकर ने बताया कि शाला में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इससे बच्चों में प्रफुल्लता देखी गई। शाला प्रवेश उत्सव के दौरान नवप्रवेशी बच्चों को अध्यापिका अपर्णा श्रीवास्तव, नैन साहू, ऋतु राजपूत, ट्विकल साहू, प्रिया साहू व अन्य को गुलाल का तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया।

### स्वच्छता के लिए निकली रैली



**घुमका।** शनिवार को ग्राम पंचायत में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान अंतर्गत छात्र छात्राओं ने रैली निकाल कर ग्रामीणों को जागरूक किया। रैली में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई, हायर सेकेंडरी और आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी अंग्रेजी मीडियम स्कूल के छात्र-छात्राएं, प्रभारी प्राचार्य प्रशांत बंजारे आदि शामिल हुए। सरपंच फूलमती वर्मा ने पंचायत प्रतिनिधियों, स्वच्छता दीदियों और मितानिनों के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। सरपंच श्रीमती वर्मा ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता का संकल्प दिलाया।

### संगीत कॉलेज में प्रवेश की आज अंतिम तिथि

**राजनांदगांव।** मध्य भारत में शिक्षा, कला, संस्कृति एवं संस्कार के क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट पहचान एवं स्थान बनाने वाली संस्कारधानी राजनांदगांव की चक्रधर कत्थक कल्याण केन्द्र संगीत महाविद्यालय विगत चालीस वर्षों से निरंतर अपनी सेवाएं देते संस्कारधानी राजनांदगांव की पहचान सांस्कृतिक राजधानी के रूप में मानचित्रों में राष्ट्रीय स्तर में पहचान बनाने में सफल हुआ है। विश्वविद्यालय प्रशासन के मार्गदर्शन एवं सहयोग से इस वर्ष से स्नातक प्रोफेसनल डिग्री कोर्स बीपीए बेचलर ऑफ परफार्मिंग आर्ट का प्रथम वर्ष का प्रथम बैच में प्रवेश प्रक्रिया एवं पंजीयन एक जून से 30 जून 2024 तक पंजीयन कराने वाले कक्षा 12वीं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को प्रवेश शुल्क में 100 छूट देने का निर्णय संस्था द्वारा लिया गया है।

### प्रचार प्रसार के लिए न्याय रथ को दिखाई हरी झंडी

**मोहला।** पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा राजनांदगांव रेंज ने 25 जून को पुलिस अधीक्षक कार्यालय मोहला प्रांगण में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी एस जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक वाय पी सिंह, सेनानी विवेक पांडेय के साथ संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी पुलिस द्वारा तीन नवीन कानूनों के प्रचार प्रसार अभियान के लिए बनाये गए न्याय रथ को रवाना किया। इस कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मयंक गुर्जर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीसी पटेल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी अं चौकी अर्जुन कुर्रे, रक्षित निरीक्षक भुनेश्वर कश्यप, पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समस्त शाखा प्रभारी व कर्मचारी सम्मलित हुए।
पुलिस महानिरीक्षक एवं जिला कलेक्टर द्वारा उपस्थित आम जन एवं पत्रकार बंधुओ को बताया गया कि यह न्याय रथ गांव-गांव जाकर लोगों को तीन नए कानूनों के बारे में आडियो क्लिप व बैनर पोस्टर के माध्यम से जानकारी देकर प्रचार प्रसार की जाएगी। साथ अपील की गई कि तीन नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम का जन जन तक अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें।

### हरदी गांव की महिलाओं ने खोला मोर्चा

# अवैध शराब और सट्टे के खिलाफ किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांव में अवैध शराब बिक्री और सट्टे का कारोबार बंद करने की मांग को लेकर रोजगार गारंटी योजना के कार्य में जा रही महिलाओं ने आज सुबह सड़क पर चक्काजाम कर दिया। महिलाओं का कहना था कि अवैध शराब की बिक्री से गांवों का माहौल लगातार खराब हो रहा है।

राजनांदगांव जिले के सुकुलदैहान पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हरदी में आज सुबह रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्य पर जा रही महिलाओं ने रास्तेभर डिस्पोजल और शराब की खाली बोतल देखकर गांव में बढ़ते अवैध शराब की बिक्री और सट्टे पर रोक लगाने की मांग को लेकर सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया।

महिलाओं द्वारा चक्काजाम किए जाने की सूचना मिलने पर नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक मौके पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को चक्काजाम समाप्त करने की समझाईश दी, लेकिन महिलाएं और अन्य गांव वाले गांव में शराब-सट्टा बंद करने का लिखित आश्वासन देने की मांग को लेकर अड़े रहे। काफी देर समझाईश के बाद महिलाओं ने चक्काजाम समाप्त किया। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक ने तीन दिन के भीतर अवैध शराब और सट्टे पर कार्रवाई किए जाने की बात कही है।



**गांवों का माहौल खराब**

गांव में अवैध शराब की बिक्री के चलते पानी पाउच और शराब की खाली बोतले इर्द-गिर्द नजर आती है। वहीं गांव में सट्टे का कारोबार भी फल-फूल रहा है। इसके बावजूद इस ओर कार्रवाई नहीं होती देख महिलाओं ने चक्काजाम कर दिया था। जिससे काफी देर आवागमन बाधित रहा।

# रबी फसल बीमा क्लेम को लेकर 50 करोड़ रुपए की मिली मंजूरी

- अतिवृष्टि नुकसानी क्षतिपूर्ति के लिए 4 करोड़ की स्वीकृति
- विक्रांत ने सीएम का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत 23-24 में रबी फसल का बीमा कराए जिले के किसानों के बैंक खाते में क्लेम राशि आनी शुरू हो गईं है।

बीते साल अतिवृष्टि से किसानों को चना फसल में काफी नुकसान हुआ था जिसके बाद कलेक्टर चन्द्रकांत वर्मा ने इस विषय में राजस्व व कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया था कि अतिवृष्टि से नुकसानी सहित प्रधानमंत्री फसल बीमा अंतर्गत वाजिब आकलन किया जाए जिसके चलते बीमा योजना तहत किसानों को क्लेम की राशि सीधे उनके खाते में डाली जा रही है।



गौरतलब है कि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने किसानों के रबी फसल में हुए नुकसान की जानकारी व क्षतिपूर्ति हेतु अधिकारियों से चर्चा बाद इस मामले में नुकसान की भरपाई के लिए मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्रीयो से क्षतिपूर्ति देने का अनुरोध किया था जिसके बाद जिले के किसानों के लिए राहत राशि के तौर पर 4 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति राशि राज्य सरकार ने मंजूर कर दी है। संबंध में विक्रांत सिंह ने बताया कि बीते साल 23 में रबी फसल में अतिवृष्टि के कारण चना फसल को सबसे नुकसान हुआ था जिस पर कलेक्टर ने गम्भीरता से इस विषय में काम किया जिसका परिणाम क्लेम के अलावा क्षतिपूर्ति राशि के रूप में सामने आया है। श्री सिंह ने कहा कि पिछले 5 साल अविभाजित राजनांदगांव जिले का सिर्फ विनाश हुआ था किसानों को किसी तरह की मुआवजा राशि कांग्रेस सरकार द्वारा नही दी जा रही थी लेकिन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने पहले साल में ही जिले के किसानों को क्षतिपूर्ति प्रदान किया है जिससे किसानों में खुशी की लहर है। उन्होंने कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को किसान हित की दिशा में गंभीरता से कार्य करने और राशि स्वीकृति के लिये प्रदेश के मुखिया विष्णुदेव साय. उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व अरुण साव को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### मोदी के "मन की बात" की शुरूआत आज से

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का देशभर में लोकप्रिय तथा जन-जन के लिए उपयोगी "मन की बात" कार्यक्रम का पुनः प्रसारण कल 30 जून से प्रारंभ हो रहा है। मन की बात का यह प्रसारण 111वीं कड़ी होगी। इस कार्यक्रम के व्यापक प्रसारण के लिए जिला भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष रमेश पटेल ने वृहद योजना तैयार की है। जिसके तहत जिलेभर के सभी 835 बूथों में मन की बात का यह कार्यक्रम सुना जा सके। इसकी व्यवस्था की गई है। जिला भाजपा के दोनों उपाध्यक्षों लीलाधर साहू व आभा तिवारी को क्रमशः संयोजक व सह-संयोजक बनाया गया है।

### बी. फार्मेसी आठवां सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ फॉर्मेसी, जो कि सीएसवीटीयू भिलाई से संबद्ध है। जिसका विगत दिवस घोषित बी. फॉर्मेर्सी आठवां सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करते दिलेश्वर ने 86.36 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, प्रेरणा ने 83.09 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान एवं सिमरन ने 80.36 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी सफल विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान की उत्कृष्ट पढ़ाई, बेहतर व्यवस्था, शिक्षा योग्य वातावरण एवं प्राचार्य डॉ. टी.कुमार व शिक्षकों को दिया। संस्था के प्रबंधक ललित अग्रवाल एवं अतुल देशलहरा ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की मंगलकामना करते आशीर्वाद प्रदान किए।

### डोंगरगढ़ में जिला रजक समाज का सम्मान समारोह आज

**राजनांदगांव।** जिला धोबी समाज राजनांदगांव के तत्वाधान में कल रविवार को सुबह 10 बजे डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर प्रांगण मे छीरपानी भवन सभागृह में धोबी समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिला राजनांदगांव धोबी समाज द्वारा आयोजित इस सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के सचिव निज सहायक तुलसी कौशिक एवं समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। धोबी समाज के जिला अध्यक्ष डॉ. लेखराम निर्मलकर ने जिला के समस्त परिक्षेत्र के अध्यक्ष, सचिव सहित समस्त पदाधिकारी एवं समाज के लोगों से आयोजन में उपस्थित होने की अपील की है। उक्त जानकारी समाज के मीडिया प्रभारी लोकेश रजक ने दी।

# बलात्कारी को 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फास्ट ट्रैक कोर्ट जिला न्यायालय राजनांदगांव के अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार साहू द्वारा बलात्कार के एक मामले में सुनवाई उपरांत 29 जून 2024 को फैसला सुनाते आरोप साबित पाए जाने पर अभियुक्त छत्रपाल घावडे 24 वर्ष निवासी थाना मोहला क्षेत्रांतर्गत ग्राम को भारतीय दंड विधान की धारा 376 (2) (ड) के तहत 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 रुपए के अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किए जाने की स्थिति में 6 माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा से दंडित किए जाने का दंडादेश पारित किया गया।

मामले में छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से पैरवी करने वाले अतिरिक्त लोक अभियोजक फास्ट ट्रेक कोर्ट राजनांदगांव आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि पीड़िता व अभियुक्त का एक-दूसरे से परिचय पढ़ाई के दिनों से था। वर्ष 2018, 2019 एवं 2020 में उनका प्रेम संबंध चल रहा था और अभियुक्त छत्रपाल उसे शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ अलग-अलग जगहों पर शारीरिक संबंध बनाता रहा। जिसके परिणाम स्वरूप पीड़िता गर्भवती हो गई। जिसकी जानकारी पीड़िता द्वारा अभियुक्त को दी गई। पीड़िता के जांच पर मोहला के डॉक्टर ने पीड़िता को सोनोग्राफी कराने की सलाह दी गई। पीड़िता का सोनोग्राफी कराया गया। जिसमें डॉक्टर ने पीड़िता को गर्भवती होना बताया। पीड़िता के गर्भवती होने की जानकारी होने पर अभियुक्त छत्रपाल ने बच्चा को गिराने का प्रयास किया। जिसके लिए डॉक्टरों ने इंकार कर दिया, फिर अभियुक्त पीड़िता को अपनी मां-बहन जहां काम करते थे, वहीं ले जाकर छोड़ दिया। अभियुक्त ने पीड़िता के पिता के सामने अपनी गलती स्वीकार किया और अपने घरवालों को लेकर आने की बात किया, लेकिन नहीं आया। इसकी शिकायत पीड़िता के पिता द्वारा समाज में भी किया गया था। बाद में घटना की लिखित शिकायत पीड़िता के द्वारा थाना मोहला में की गई थी, जिस पर थाना मोहला द्वारा अभियुक्त छत्रपाल धावडे के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 366, 376 (2) (एन) के तहत प्रथम सूचना पत्र दर्ज किया जाकर प्रकरण जांच में लिया गया। दौरान जांच के अभियुक्त छत्रपाल को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा संपूर्ण जांच उपरांत अभियोग पत्र विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था।

### जिपं सीईओ ने की समीक्षा

# शासकीय भवनों में करें रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले के जनपदों में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों तथा जल शक्ति अभियान के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की।

जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि गांव का पानी गांव में रहे, इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए जल शक्ति मिशन अंतर्गत जनपद पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों में स्थित शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण आवश्यक रूप कराएं। गांव में फेल बोरवेल हो तो छोटी नाली का निर्माण कर वाटर रिचार्ज के उपयोग में लाया जाए। गांवों में जल शक्ति केन्द्र बनाएं और समूह की माहिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि पौधरोपण कार्यक्रम अंतर्गत वनमंडलाधिकारी की सहभागिता से फारेस्ट एरिया के पास 4 फीट या उससे बड़े पौधों को रोपित किया जाए। जिससे पौधों की देखरेख एवं सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जा सके। सीईओ ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सत्यापन कार्य की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने माह के अंत तक सत्यापन के कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ओडीएफप्लस की प्रगति संतोषप्रद नहीं होने पर कार्य में प्रगति लाने, सीईओ जनपद पंचायतों को सतत मानिटरिंग करने, प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता दिवस का आयोजन प्रत्येक ग्राम पंचायतों में करने एवं सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीण को जागरूक करने निर्देशित किया। सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना से पात्र भूमिहीन हितग्राहियों को लाभान्वित करने हेतु सूची का परीक्षण करने कहा।



**ब्लॉकवार योजनाओं की समीक्षा**

जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने एनआरएलएम अंतर्गत इन्टरप्राईजेस फाईनेंस, लखपति दीदी योजना, मुद्रालोन एवं स्वयंसिद्धा योजना की ब्लॉकवार समीक्षा की। इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से सुनिश्चित करें और प्रपत्र में प्रविष्टि सही तरीके से भरें। इस कार्य में शहरी क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण महिलाओं को अधिक से अधिक चयन करने तथा किसी प्रकार की समस्या होने पर बैंकों से समन्वय कर निराकरण कराने निर्देश दिए। मनरेगा अंतर्गत लेबर बजट, लंबित भुगतान, डीएमएफ के प्रस्तावित कार्य, उपयोगिता एवं पूर्णता प्रमाण पत्र की समीक्षा की गई तथा सभी सीईओ को आगामी बैठक में वर्ष 2022-23 के सभी कार्यों पर कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिया गया। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### गौलीटोला स्कूल में मना प्रवेश उत्सव

**मोहला।** अंबागढ़ चौकी विकासखंड के गौलीटोला प्राथमिक शाल में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें सरपंच नोहर सिंह धनंजय, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यगण तथा पलकों की उपस्थिति में नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर मुंह मीठा करते बलून देकर स्वागत किया गया। अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को निःशुल्क गणवेश व पाठ्य पुस्तक का वितरण किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक इंदु भंडारी तथा सहायक शिक्षिका शाहीन परवीन द्वारा न्योता भोजन का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को हलवा, मिठाई व केला वितरित किया गया।



गायत्री
प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस,
ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 •89595-44444

## सार समाचार

### महिला को मिला मातृत्व सुख



**राजनांदगांव।** किसी भी महिला का सबसे बड़ा सपना मां बनना होता है। विवाहित महिला को इसी सुख को पाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। अपने पांच बच्चों को प्रसव से पूर्व ही खो देने वाली महिला को अंततः कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरभि मोहबे ने मातृत्व सुख प्रदान कर उसके सपनों को साकार कर दिखाया। डॉ. सुरभि ने बताया कि उक्त महिला लाखों में एक को होने वाली एक विशेष बीमारी से पीड़ित थी।

नगर के कुमुद मोहबे मेमोरियल हॉस्पिटल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरभि मोहबे ने एक बार फिर वह काम कर दिखाया है। जिसके लिए आमजन डॉक्टर को भगवान का दर्जा दिया करते हैं। प्रेग्नेंसी इंड्यूस्ड हाइपरटेंशन नामक बीमारी से ग्रसित महिला की पूरे नौ माह तक गंभीरतापूर्वक देखभाल करते डॉ. मोहबे ने उसे मां बनने का सुख प्रदान किया। प्रसूता श्रीमती सीमा भारती ने बताया कि उसका पहला बच्चा पांच माह में ही पेट में मर गया था, जब दूसरी बार वह गर्भवती हुई तो वह बच्चा भी आठ महीने में पेट में खराब हो गया। मां बनने का सपना लिए, जब वह तीसरी, चौथी और पांचवी बार गर्भवती हुई, तब भी उसके बच्चे 7 और 8 माह में पेट में खराब हो गए, जब भारती डॉ. सुरभि के पास पांचवीं बार पहुंची, तब उसके पेट में बच्चा मर चुका था और बीपी भी बढ़ा हुआ था। छठवीं बार जब ऐसा अवसर आया तो वह डॉ. सुरभि मोहबे के संपर्क में आई और पूरी केस हिस्ट्री उन्हें बताई। डॉ. मोहबे ने सारी जांच प्रक्रिया के बाद बीमारी को पकड़ा और छठवीं बार गर्भवती होने पर 22 जून को स्वस्थ बच्चे का जन्म कराया। अपने स्वस्थ एवं जीवित बच्चे को पाकर सीमा भारती की खुशी का ठिकाना न रहा और उसने डॉक्टर को भगवान का दर्जा देते धन्यवाद दिया। डॉ. सुरभि का कहना है कि बच्चा और उसकी मां पूर्ण रूप से स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि जन्म के समय बच्चे का वजन 3 किलोग्राम था।

### शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने की शीघ्र निर्णय की मांग



**राजनांदगांव।** शालेय शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों ने सरकार से अपनी मांगों पर जल्द से जल्द निर्णय लेने की मांग की। शालेय शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र दुबे व उप प्रांताध्यक्ष विष्णु शर्मा ने बताया कि वित्त विभाग छग शासन द्वारा जारी आदेश के तहत संविलियन प्राप्त शिक्षकों, पुरानी पेंशन व समस्त हितलाभ संविलियन वर्ष से दिए जाने की बात कही है। साथ ही सेवानिवृत्ति के समय, संविलियन वर्ष से पुरानी पेंशन लागू तिथि तक के शासकीय अंशदान मयब्याज जमा करने पर ही उनको पेंशन अधिकार पत्र दिया जाएगा, ऐसा उल्लेख पत्र में किया गया है। जिससे संविलियन प्राप्त शिक्षकों में गहरा आक्रोश है। इस आदेश से समस्त संविलियन प्राप्त शिक्षकों की वर्षों की सेवा शून्य हो जा रही है।

शालेय शिक्षक संघ के प्रांतीय महासचिव धर्मेश शर्मा और प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रशेखर तिवारी ने प्रदेश के समस्त शिक्षक संगठनों से अपील किया कि इस मुद्दे पर सभी संगठनों को एकमत होकर एकजुट होकर शासन के समक्ष अपनी मांग रखनी चाहिए। प्रदेश मीडिया प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने पुरानी पेंशन योजना से संविलयन प्राप्त शिक्षकों को होने वाले नुकसान की जानकारी देते बताया कि संविलियन वर्ष से पुरानी पेंशन की गणना करने से किसी भी संविलियन प्राप्त शिक्षक को पूर्ण पेंशन नहीं मिल पाएगा। शासन संवेदनशीलता के साथ पुनर्विचार करें और पेंशन के मामले में पुरानी सेवा की गणना करने का निर्णय जरूर ले।

शालेय शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी सुनील सिंह, विष्णु शर्मा, डॉ. सांत्वना ठाकुर, सत्येंद्र सिंह, विवेक शर्मा, गजराज सिंह, राजेश शर्मा, शैलेन्द्र सिंह, प्रह्लाद जैन, संतोष मिश्रा, संतोष शुक्ला, शिवेंद्र चंद्रवंशी, दीपक वेंताल, यादवेंद्र दुबे, सर्वजीत पाठक, मंटू खैरवार, पवन दुबे, भोजराम पटेल, विनय सिंह, आशुतोष सिंह, भानु डहरिया, कैलाश रामटेके, रवि मिश्रा, जितेंद्र गजेंद्र, अजय वर्मा, कृष्णराज पांडेय, घनश्याम पटेल, बुध्दहेश्वर शर्मा, प्रदीप पांडेय, देवव्रत शर्मा, अब्दुल आसिफ खान, अमित सिन्हा, विक्रम राजपूत, सुशील शर्मा, द्वारिका भारद्वाज, खेमन साहू, विजय बेलचंदन, अशोक देशमुख, तिलक सेन आदि पदाधिकारियों ने सरकार से मांगों पर जल्द से जल्द निर्णय लेने की मांग की है।

### ओडीएफ प्लस मॉडल के क्रियान्वयन के लिए कार्यशाला




**राजनांदगांव।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत ओडीएफ प्लस मॉडल के क्रियान्वयन के संबंध में मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में संबंधित विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने सभी विभागों को समन्वय से कार्य करते स्कूल स्तर पर बच्चों को इको क्लब एवं स्वच्छता क्लब बनाए जाने और प्रत्येक स्कूल में एक नोडल स्वच्छता शिक्षक का दायित्व देने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया। इसके साथ ही सभी विभागों को आपसी समन्वयक से कार्य करने कहा गया।

कार्यशाला में जिला समन्वयक वाटरएड राजु राठौर द्वारा स्कूल वॉश प्रबंधन के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। जिला समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) द्वारा ओडीएफ प्लस मॉडल के क्रियान्वयन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्व विभाग के जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी, सभी जनपद पंचायत के सीईओ, विकास विस्तार अधिकारी, विकासखंड परियोजना प्रबंधक एनआरएलएम, खंड एवं संकुल समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन उपस्थित थे।

### प्रधान पाठक, व्याख्याता को बताया अतिशेष

# एचएम और व्याख्याता को बनाया अतिशेष 125 शिक्षकों का नियम विरुद्ध अटैचमेंट

एनीशपुरी गोस्वामी ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले का जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय गर्मीभर चादर तानकर सोया रहा। अचानक स्कूल खुलने के ठीक पहले अंधेरगर्दी चौपट राजा की तर्ज पर लगभग सवा सौ शिक्षक-शिक्षिकाओं का व्यवस्था के नाम पर अटैचमेंट कर दिया गया है। जिले में अध्यनरत छात्र-छात्राओं का भविष्य गर्त में डालने के प्रयास के इस मामले में नियमों के खिलाफ जाकर प्रधान पाठक, व्याख्याता को जहां अतिशेष बता दिया गया है। वहीं प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षिका को अंग्रेजी माध्यम आत्मानंद के मिडिल स्कूल में अटैच कर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में स्थापित जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय अपने कमाऊं नीति, नियमों के खिलाफ जाकर बोगस निर्देश पारित करने के साथ-साथ यहां अध्यनरत आदिवासी अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खेलने के लिए प्रख्यात हो गया है। 12 जून तथा 14 जून को पृथक-पृथक तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी मोहला के कलम से निकाले गए निर्देश के अनुसार लगभग सवा सौ सहायक शिक्षक, प्रधान पाठक, व्याख्याताओं को अतिशेष बताकर अध्यापन व्यवस्था के नाम पर अटैच कर दिया गया है। जबकि प्रधान पाठक अतिशेष हो ही नहीं सकते। वहीं व्याख्याता का अटैचमेंट करने का पावर जिला शिक्षा अधिकारी के पास नहीं है।




#### नियमों के खिलाफ व्याख्याता अटैच

शासन के नियमों के मुताबिक जिला शिक्षा अधिकारी को व्याख्याता का अटैचमेंट करने का कोई पावर नहीं है, फिर भी व्याख्याता संस्कृत मनोज कुमार, आशीष साहू व्याख्याता गणित, व्याख्याता अर्जुन दास साहू, विजय लहरे व्याख्याता संस्कृत, सिद्धेश्वरी वर्मा व्याख्याता गणित आदि व्याख्याताओं का थोक के भाव में अटैचमेंट कर दिया गया है।

#### इन प्रधान पाठकों को बताया गया अतिशेष

जिला शिक्षा अधिकारी फत्तेलाल कोसरिया के आदेश के मुताबिक प्रधान पाठिका रामदुलारी साहू को प्राथमिक शाला मरकाटोला मोहला से प्राथमिक शाला नाडेकल, ललित कोमा आश्रम शाला घासीटोला से प्राथमिक शाला चमराटोला, प्रधान पाठक मोहनलाल मांडवी नवीन प्राथमिक शाला कोहका मानपुर से प्राथमिक शाला कामकासुर आदि को अतिशेष बताकर अनियंत्र संलग्न कर दिया गया है।

#### धंधा कर रहे हैं अधिकारी

इस अनुसूचित जनजाति क्षेत्र में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ शिक्षा विभाग के अधिकारी खेल खेल रहे हैं। विभाग के तानाशाही अफसर लिफाफा के चक्कर में नियमों के विपरीत काम कर रहे हैं, जिन्हें आने वाले दिवस में घेरा जाएगा।

- **इंद्रशाह मंडावी,** विधायक, मोहला-मानपुर

#### सालभर की ही बात

व्यवस्था को देखते हुए शिक्षक-शिक्षिकाओं का अटैचमेंट किया गया है। सालभर की ही तो बात है।

- **फत्तेलाल कोसरिया**
जिला शिक्षा अधिकारी, मोहला-मानपुर-अं. चौकी

#### हिंदी मीडियम की शिक्षिका पढ़ाएगी अंग्रेजी माध्यम को

शिक्षक-शिक्षिकाओं के अटैचमेंट का व्यापार कर रहे शिक्षा विभाग के खिलाफ गंभीर लेन-देन के आरोप का चर्चा है। विभाग के तानाशाही आदेश में अंबागढ़ चौकी विकासखंड के प्राथमिक शाला जाडटोला में पदस्थ सहायक शिक्षिका ममता बघेल को अंग्रेजी माध्यम आत्मानंद के मिडिल स्कूल में अटैच कर दिया गया है।

### अपर कलेक्टर शामिल हुए शाला प्रवेशोत्सव में



**राजनांदगांव।** स्कूली बच्चों की गर्मियों की छुट्टी खत्म होते ही बुधवार से स्कूल खुल गए हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार जिले में स्कूल के पहले दिन धूमधाम से शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिला स्तरीय अधिकारियों ने विभिन्न स्कूलों में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय डोंगरगढ़ विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला मुंदगांव में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई और बच्चों को तिलक लगाकर शाला प्रवेश कराया गया। बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। बच्चों को मध्यान्ह भोजन में खीर-पूड़ी खिलाया गया। प्रवेशोत्सव में प्राथमिक शाला के 65 बच्चों में से 60 बच्चे एवं माध्यमिक शाला के 54 बच्चों में से 45 बच्चे शामिल हुए। इस अवसर पर सरपंच सेवती कतलाम, एसएमसी अध्यक्ष द्वारिका सिन्हा, सचिव नारद सोनवानी एवं शिक्षक महेन्द्र देशलहरा, ऋचा टांग, लिनेश पैकरा, हेमलता सिन्हा, दिनेश देशलहरे, धनेश नेताम उपस्थित थे।

## नए न्यायिक अधिनियम 2023 जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालयए राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशन में आगामी 1 जुलाई से लागू होने वाले नए कानूनों के जागरूकता बाबत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एएसपी मुकेश ठाकुर और छग महाविद्यालय रायपुर से हेमंतनंद गौरी सहायक प्राध्यापक द्वारा नए कानून के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन करते डॉ. शैलेंद्र सिंह ने वैदिक काल से अंग्रेजों के शासन तक दंड प्रक्रिया की सामान्य जानकारी दी।

मुख्य वक्ता एएसपी मुकेश ठाकुर ने नए कानूनों की विस्तृत जानकारी देते कहा कि अंग्रेजो के जमाने से लागू कानूनों में बदलाव करते केंद्र सरकार ने नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते किए हैं। मुख्य रूप से एफआईआर दर्ज करने के लिए अब व्यक्ति कहीं भी एफआईआर दर्ज कर सकता है, वह चाहे तो ऑनलाईन माध्यम से भी कर सकता है, परंतु तीन दिन के अंदर उसे निकटस्थ थाना में उपस्थित होकर हस्ताक्षर करने होंगे। नए कानूनों में लैंगिक भेदभाव को समाप्त कर दिया गया है। नवीन न्यायिक अधिनियम की चर्चा करते हेमंत नंदा गैरी ने कहा कि आईपीसी की जगह भारतीय न्याय संहिता, इंडियन एविडेंस एक्ट की जगह भारतीय साक्ष्य संहिता, वहीं सीआरपीसी की जगह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता को लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि मॉब लीचिंग और नाबालिग से दुष्कर्म पर मौत की सजा का प्रावधान किया गया है।

## छत्तीसगढ़ सरकार नए कानून में साक्षी संरक्षण, नागरिक सुरक्षा संहिता से बेसुध

- गवाह सुरक्षा योजना और अधिसूचना सार्वजनिक करे सरकार



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अधिवक्ता रूपेश दुबे ने 1 जुलाई से लागू होने वाले नए कानून अंतर्गत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 398 और 179(2) की कार्ययोजना और अधिसूचना को सार्वजनिक नहीं करने पर छग सरकार की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़ा किया है। वहीं गवाहों के हितों सहित न्याय मामले भी में बेसुधी करार दिया है।

प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि प्रदेश में नए कानून के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन आम नागरिकों के बीच जनजागरूकता में लगे हैं। कानून का सम्मान करना हम सबका दायित्व के साथ कर्तव्य भी है, लेकिन भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के क्लाज 398 में राज्य सरकारों को यह निर्देश है कि राज्य सरकार गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गवाह सुरक्षा योजना तैयार कर उसे अधिसूचित करें। इसी प्रकार धारा 179 (2) के अंतर्गत प्रकरण के गवाहों को हाजिर होने पर उन्हें उचित व्यय का भुगतान करने का प्रावधान करें हैं, इन दोनों अति महत्वपूर्ण मुद्दों पर छग सरकार ने न निर्णय न अधिसूचना सार्वजनिक नहीं किया है। नया कानून 1 जुलाई से लागू होने को है, जन मस्तिष्क में भ्रम की स्थिति उत्पन्न कर दी है, क्योंकि जनता ही गवाह होंगे। वैसे भी भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली, जिसमें तीन कृषि कानून की वापसी एवं हिट एंड रन कानून को आज तक लागू न कर सकने को जनता देख रही है। ऐसी स्थिति में छग राज्य सरकार को चाहिए कि भारतीय नागरिक सुरक्षा के क्लाज 398 के अंतर्गत गवाहों की सुरक्षा योजना और धारा 179(2) के अंतर्गत गवाहों के भुगतान, व्यय प्रावधान की अधिसूचना को भी सार्वजनिक करें, ताकि साक्षी भी प्रकरण में अपने मजबूत साक्ष्य देकर अपराध को नियंत्रित करने, अपराध को समाप्त करने में अपनी महती भूमिका निभा सके।

## निगम आयुक्त ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

- पानी भरान क्षेत्र के नाला-नाली की सफाई करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन की मंशानुरूप शहर की ड्रेन व्यवस्था सुचारू रूप से चले एवं बारिश में पानी भरान व अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो यह सुनिश्चित करने नगर निगम द्वारा बरसात के पूर्व शहर के बड़ो एवं प्रमुख नालों एवं पानी भरान स्थल की सफाई युद्ध स्तर पर कराई गई है और वर्तमान में दूसरे चरण की सफाई जारी है।

नाला सफाई कार्य का जायजा के तहत गुरुवार सुबह नगर निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने अनुपम नगर में भ्रमण कर चल रहे नाला सफाई कार्य का जायजा लिया और पानी भरान क्षेत्रों में साफ-सफाई कर पानी निस्तारी की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए, ताकि बारिश का पानी वार्डों में न भरे।



आयुक्त गुप्ता ने अनुपम नगर में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर बारिश में सफाई कार्य दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व में शहर के प्रमुख नालों की सफाई की गई और वर्तमान में भी नाली-नालों की सफाई की जा रही है, किन्तु बारिश प्रारंभ हो गई है, जिसे ध्यान में रखते निगम सीमाक्षेत्र के संपूर्ण नाला एवं नालियों की सफाई किया जाए, ताकि पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने कहा कि गड्ढों में पानी भरान वाले जगह से कच्ची नाली खोदकर पानी निकासी का साधन बनाया जाए।

आयुक्त गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य अमला अपने-अपने क्षेत्र में प्रतिदिन उपस्थित रहकर निर्धारित समय तक सफाई कराना सुनिश्चित करेंगे। कार्य में लापरवाही बरतने वाले एवं लंबे समय से अनुपस्थित कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि वर्षा ऋतु में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए सफाई अभियान संपादित करें तथा जल शुद्धिकरण के अंतर्गत निगम सीमान्तर्गत तालाबों में डल्ला चूना व ब्लीचिंग पावडर डालकर जलशुद्धिकरण कराया जाए। साथ ही फल-सब्जी विक्रताओं एवं होटलों का निरीक्षण कर पर्याप्त साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने एवं ताजा खाद्य पदार्थ बिक्री करने हेतु संबंधित व्यवसायियों को समझाईस दें।

## शाला प्रवेश उत्सव मना

**राजनांदगांव।** शा.पूर्व माध्यमिक एवं प्रा. शाला मोखला संकुल भर्रेगांव के संयुक्त तत्वाधान में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार मनीष कुमार वर्मा व अध्यक्षता सरपंच अमरीका साहू ने की। विशेष अतिथि संकुल प्राचार्य एस. विजयन, बीआरसी भगत सिंग ठाकुर एवं संकुल समन्वयक भूपेश साहू थे।

अतिथियों द्वारा कक्षा पहली एवं 6वीं के नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का गुलाल लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। साथ ही पुस्तक व गणेवश वितरण किया गया। अतिथियों ने बच्चों को खूब मन लगाकर पढ़ने की सलाह दी। तहसीलदार मनीष कुमार वर्मा द्वारा विद्यार्थियों को पेन वितरण किया गया तथा सत्र 2024-25 में शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले नवप्रवेशी



छात्र-छात्राओं को 5000 रुपए देने की घोषणा की गई। संकुल समन्वयक भूपेश साहू द्वारा मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया गया।

मध्यान्ह भोजन संचालनकर्ता समूह द्वारा न्योता भोज में बच्चों को खीर-पूड़ी का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में जेएल साहू, डीके चंद्राकर, देवकुमार साहू, महेंद्र निषाद, डीके नामदेव, आरके यादव, डीसी साहू, एमके साहू, यामिनी ठाकुर, संगीता साहू, रूखमणी साहू, तुलदास, युवराज, तेजराम, सुखराम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आदि उपस्थित थे।

## शक्तिधाम स्थापना दिवस पर रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड नं. 1 बाबूटोला स्थित शक्तिधाम मां महाकाली मंदिर अपना 5वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। स्थापना दिवस को भव्य रूप से मनाने एवं वृहत आयोजन को लेकर मंदिर समिति के प्रमुख हरीश यादव एवं अध्यक्ष अखिलेश बंजारा के मार्गदर्शन में बैठक आहूत की गई। बैठक में स्थापना दिवस पर भजन संध्या, वृक्षारोपण के साथ ही रक्तदान का आयोजन को लेकर उपस्थित सदस्यों की सहमति बनी।

ज्ञात हो कि वार्ड नं. 1 स्थित शक्तिधाम मां महाकाली मंदिर द्वारा आगामी 5 जुलाई को 5वां स्थापना वर्ष मनाया जा रहा है। स्थापना दिवस को वृहद रूप से मनाने बैठक आयोजित की गई। जिसमें वृक्षारोपण, रक्तदान को लेकर सदस्यों ने सहमति दी। अपने



जनसेवा सहित चैत्र व क्वांर नवरात्रि में भव्य आयोजनों को लेकर अंचल सहित दूरस्थ जिलों में प्रसिद्ध शक्तिधाम मां महाकाली मंदिर की सेवा संस्था शक्तिधाम धर्मार्थ सेवा समिति द्वारा 5वां स्थापना दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा।

बैठक में दुर्गा यादव, शम्भू वर्मा, पिंटू देवांगन, भगवती निषाद, भोज वर्मा, कौशल दास मानिकपुरी, चंद्रेश साहू, प्रांशु भरतद्वाज, राजीव सिंह, श्यामू साहू, किशन वर्मा, संतोष वर्मा, अनिल चौहान, अक्षय, टेकराम भार्गव, भूपेंद्र, अजय, निखिल, राकेश, लव, कुशल, संदीप सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी प्रशांत वर्मा ने दी।

### विभिन्न मामलों में त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

# कलेक्टर ने जनदर्शन में लोगों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को जिले के दूरस्थ स्थानों से कलेक्टोरेट में आए लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। कलेक्टर अग्रवाल ने जनदर्शन में जनसामान्य से प्राप्त मांगों एवं समस्याओं के आवेदन पत्रों का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अधिकारियों को जनदर्शन में शासन की योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करते हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्या



के निराकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। जनदर्शन में 24 आवेदन प्राप्त हुए।

जनदर्शन में छुरिया के ग्राम कुमर्दा निवासी भानबाई गेन्डरे ने प्रधानमंत्री ग्रामीण स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ऋण प्रदाय के लिए आवेदन किया। कलेक्टर ने इस आवेदन पर संज्ञान लेते लीड बैंक मैनेजर को निराकरण के लिए निर्देशित किया। ग्राम अचानकपुर और भाठापारा के निवासियों ने गांव में नाली निर्माण के लिए आवेदन किया। ग्राम डिलापहरी निवासी कमल कुमार वर्मा ने जर्जर मकान होने पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभ दिलाने आवेदन किया। डोंगरगांव के ग्राम तेन्दूनाला निवासी उमाशंकर ने विद्युत पोल को सीधा करने आवेदन किया।

ग्राम गठुला निवासी जगेशर चंद्रवंशी ने खेत में सिंचाई के लिए विद्युत कनेक्शन कराने आवेदन दिया। कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डोंगरगढ़ के ग्राम केसली निवासी महावीर कलार ने कृषि भूमि का ऋण पुस्तिका दिलाने आवेदन किया। ग्राम बरगाही निवासी विकास ने ऑनलाईन रिकार्ड में नाम एवं जाति सुधार के लिए आवेदन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह उपस्थित थी

## खबर संक्षेप

### जिले में बाढ़ आपदा नियत्रंण कक्ष एवं कंट्रोल रूम स्थापित

**कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने निर्देश दिए कि जिले में बाढ़ आपदा नियत्रंण कक्ष एवं कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष नम्बर व उक्त नियंत्रण कक्ष 24 घंटा क्रियाशील रहेगा। इसके अतिरिक्त आपात स्थिति में इन दूरभाष नंबर एवं अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है। इन अधिकारियों में कवर्धा नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा, जिला नगर सेनानी एवं प्रभारी फायर बिग्रेड अधिकारी, पुलिस नियत्रंण कक्ष अथवा जिला चिकित्सालय पर त्वरित सूचना प्रेषित किया जा सकता है। इसके लिए अतिरिक्त संबंधित विभाग को कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने और इसकी सूचना जिला कार्यालय को प्रेषित करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय बाढ़ आपदा नियत्रंण कक्ष एवं कंट्रोल रूम में 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# जिले के मध्यम छीरपानी जलाशय में किया गया बाढ़ आपदा बचाव का पूर्वाभ्यास

- बाढ़ आपदा-बचाव व प्रबंधन के लिए कलेक्टर ने अलग-अलग विभागों को सौपे दायित्व।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के छीरपानी मध्यम जलाशय में शनिवार को सुबह प्राकृतिक एवं बाढ़ आपदा से निपटने के लिए बाढ़ आपदा प्रबंधन और राहत कार्य का पूर्वाभ्यास किया। कलेक्टर जनमेजय महोबे व पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव की उपस्थिति में यह पूर्वाभ्यास किया गया। नगर सेनानी सहित प्रशिक्षित जवानों ने बाढ़ से घिरे लोगों को बचाने बहुत कम समय मे कैसे प्रभावितों को राहत पहुंचाई जाए और प्रभावितों को कैसे किसी सुरक्षित राहत शिविरों तक पहुंचाए जाए, इस सभी प्रबंधनों का भी पूर्वाभ्यास किया गया। प्रशिक्षित रेस्क्यू दल के जवानों द्वारा मोटर यान से गहरे पानी तक पहुंचकर प्रभावितों को बचाने का सफलतापूर्वक पूर्वाभ्यास किया गया। बाढ़-आपदा एवं बचाब कार्य में जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, जिला आपदा प्रबंधन प्रभारी एवं डिप्टी कलेक्टर बीआर देवांगन, प्रभारी नगर सेनानी केके श्रीवास्तव, सर्व एसडीएम, तहसीलदार समस्त जनपद सीईओ, स्वास्थ्य विभाग से डॉ सलिल मिश्रा एवं स्वास्थ्य अमले की सहभागिता रही।

कलेक्टर जनमेजय महोबे ने पूर्वाभ्यास के राहत स्वास्थ्य शिविर सहित राहत एवं बचाव कार्य के सभी संसाधनों का अवलोकन किया। कलेक्टर श्री महोबे ने जिले के सभी अनुविभागीय अधिकरी, तहसीलदार, जनपद सीईओ को अपने-अपने क्षेत्रों के मध्यम जलाशय के उलट एरिया और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों तथा नदी के किनारे बसे संभावित बाढ़ प्रभावित ग्रामो का चिन्हांकन कर उन क्षेत्रों में राहत शिविर के लिए भवन सहित सभी आवश्यक तैयारियां रखने और अपनी सूचना तंत्र को अलर्ट रखने के निर्देश भी दिए। उन्होने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत शिविरों के लिए शासकीय भवन, पर्याप्त सुरक्षा स्थान, और ऐसे पहुंच विहिन क्षेत्रों में जहां बाढ़ की स्थिति में पहुंचना संभव नहीं है, ऐसे स्थानों को चिन्हांकित कर वहां पर्याप्त मात्रा में खाद्य समाग्री, नमक, कोरोसीन, जीवन रक्षक दवाइयां आदि संग्रहित करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश-दिए है।

### आगामी मानसून में प्राकृति आपदा से बचाव के दिए निर्देश

कलेक्टर ने बैठक में आगामी मानसून 2024 में प्राकृति आपदा से बचाव एवं राहत व्यवस्था करने के संबंध में अलग-अलग विभाग के अधिकारियों को दायित्व भी सौपे है। श्री महोबे ने जिले में स्थापित वर्षामापक यंत्रों का उचित संधारण कर नियमित जानकारी का प्रेषण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वाथ्य एवं जीवन रक्षक दवाईयां भण्डारण करने के निर्देश दिए है। उन्होने बाढ़ प्रभावित एवं पहुंच विहिन क्षेत्रों के लिए डाक्टर्स की दल गठन करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के निर्देशित किया है। साथ ही राजस्व लेखा शाखा को आवश्यक तैयारियां की जानकारी अवगत कराने सहित समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में मानूसन के दौरान सर्प एवं अन्य जीवन जन्तू काटने से मृत्यु होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए सर्प दंश के बचाव के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए है।

### कलेक्टर नें तटीय क्षेत्रों के ग्रामों में सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए



कलेक्टर जनमेजय महोबे ने पीएचई विभाग को वर्षा ऋतु में जलजनित बीमारियों के रोकथाम एवं नियंत्रण के बचाव के लिए पेयजल की शुद्धता एवं स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए कुंओ, हैण्डपंप आदि में बलीचिंग पाउडर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री महोबे ने जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों जैसे सकरी नदी, हाफ नदी के तटीय क्षेत्रों के ग्रामों में सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए है, ताकि आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित स्थानों पर शीघ्रता से पहुंचाने एवं ठहराने की व्यवस्था की जा सके। इन क्षेत्रों में अस्थाई कैप के लिए सुरक्षित शासकीय, अशासकीय भवन, धर्मशाला, गोदामों, स्कूलों आदि को चिन्हांकित करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने राहत शिविरों में नियमित चिकित्सा जांच की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राहत शिविरों में बुखर, उल्टी, दस्त, मलेरिया आदि लक्षणों वाले लोगों को अलग-थलग रखने के लिए सभी तैयारियां रखने के निर्देश दिए, ताकि बीमारी के प्रसार को रोका जा सके। अश्रयों राहत शिविरों के कीटाणु शोधन और स्वच्छता के लिए अतिरिक्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## ठेकेदार ने मरम्मत कार्य को छोड़ा अधूरा

# झंडातालाब स्कूल भवन जर्जर पेड़ के नीचे पढ़ने मजबूर बच्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शिक्षा सत्र शुरू होने पर गुरूवार को स्वागत के साथ बच्चों को स्कूलों में दाखिला दिया गया। जनप्रतिनिधियों ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने प्रेरित किया किन्तु स्कूलों की हालत ऐसी है कि वहां बच्चों की पढ़ाई होना ही संभव नहीं है। अंचल में एक स्कूल ऐसा भी है जहां के बच्चों को इन दिनों पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ाई करना पड़ रहा है। वर्तमान में बारिश नहीं होने से जैसे तैसे पढ़ाई हो रही है किन्तु अधिक बारिश होने से अवकाश देने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा।

जानकारी के अनुसार ब्लाक के अधीन आने वाले ग्राम झंडातालाब के स्कूलों का मरम्मत कार्य अधूरा होने से बच्चों को पेड़ के नीचे बैठ कर पढ़ाई करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार ठेकेदार ने 6.50 लाख की लागत से होने वाले मिडिल एवं प्राथमिक शाला का मरम्मत कार्य लगभग 7 माह पहले शुरू किया था जिसे पूरा होने के पहले ही बंद कर दिया है। वर्तमान में बच्चे पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ने मजबूर हैं।



### राशि मंजूर फिर भी भवन जर्जर

जानकारी के अनुसार पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने स्कूल की दशा को देखते हुए मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए राशि जारी किया था, किन्तु बिगड़े सिस्टम के चलते कई स्कूल आज भी जर्जर अवस्था में है। हैरानी वाली बात यह है कि बच्चों और शिक्षकों को दिक्कत होने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा लंबित कार्यों को पूरा कराने में अपेक्षित रूचि नहीं दिखा जा रहा है।

### राशि पड़ी कम

झंडातालाब के सरपंच देवराम ठाकुर ने बताया कि लगभग 7 से 8 माह पहले ठेकेदार ने निर्माण कार्य शुरू किया था किंतु बिना जानकारी दिए ही ठेकेदार ने कार्य को अधूरा छोड़ते हुए बंद कर दिया है। बीईओ बिरेंद्र कौर गरचा ने बताया कि जर्जर स्कूल की मरम्मत ठेकेदार ने शुरू कर दिया था, लेकिन अब जानकारी मिल रही है कि राशि की कमी के चलते ठेकेदार ने काम को बंद कर दिया है। मरम्मत कार्य शुरू करने के लिए विभाग व ठेकेदार से जानकारी ली जाएगी।

# सूरजपूरा वन में उमंग व धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव

- शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर पौधरोपण कराया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



सहसपुर लोहारा विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला सुरजपुरा वन में बुधवार को शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम व उत्साह के साथ मनाया। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा मां शारदा की तैल-चित्र में पूजा-अर्चना किया गया।

तत्पश्चात नवप्रवेशी बालक-बालिकाओ को फूलो की माला व तिलक लगाकर तथा मिठाई खिलाकर स्वागत किया। वहीं न्योता भोजन मे खीर-पूरी, भजिया-मिच्चर, चॉकलेट मिठाई वितरण किया गया साथ ही साथ पाठ्य पुस्तक व शाला गणवेश का वितरण किया गया। प्रधान पाठक जगेश्वर कुमार धुर्वे ने शासन प्रशासन द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से अवगत कराया। संकुल प्राचार्य रमेश कुमार शर्मा सभी छात्र छात्राओं को साफ-सफाई के साथ नियमित शाला आने व अपने गुरुजनों का बात मानने को कहा। इस अवसर पर संकुल समन्वयक दीना राम साहू, एसएमसी अध्यक्ष चंद्रकुमार पाली, उपाध्यक्ष राजेश कुमार साहू, शाला प्रबंध समिति सदस्य एवं पालक गण उमेंदी साहू, ढालसिंह साहू, मनोहर साहू, शिक्षक संतराम नेताम, रामेश्वर पाली, पुन्नी बाई, मिलपा बाई उपस्थित थें। वहीं प्रवेश उत्सव के अवसर पर पौधरोपण कराया गया।

### घुघरीकला में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घुघरीकला में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल द्वारा शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल कोठार का निरीक्षण करने के उपरांत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला घुघरीकला के शाला प्रवेशोत्सव में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की तैल चित्र में पूजा-अर्चना कर उपस्थित अतिथियों का फूलमाला पहनाकर शाला परिवार द्वारा स्वागत किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी योगदास साहू ने कहा कि छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयास करते रहना है, पालक अपने बच्चों को घर में पढ़ने के लिए स्थान निश्चित करें जहां बैठकर सुबह-शाम पढ़ाई करें। शाला प्रबंधन समिति सदस्य गण एवं शिक्षक पालकों से संपर्क कर उन्हें जन जागरूक करें। पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी भाग लें, खेल से शारीरिक विकास एवं शिक्षा से मानसिक विकास होती है इसलिए सभी क्षेत्रों में सतत प्रयास करते रहना चाहिए। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी संजय जायसवाल द्वारा योग, व्यायाम के महत्व को बताया गया। सुबह सुर्योदय में उठने योग व्यायाम करने से शरीर स्वस्थ रहता है और मन प्रफुल्लित रहता है, जिससे हमें उर्जा मिलती है। विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा बच्चों की उपस्थिति एवं मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। समारोह में स्तोत्र समन्वयक, संकुल समन्वयक, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का सफल संचालन रुपेश तिवारी द्वारा किया गया, कार्यक्रम के समापन पर शाला प्रधान पाठक धर्मेंद्र शर्मा द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# भारतीय न्याय संहिता पर पीजी कॉलेज में कार्यशाला आयोजित




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में शुक्रवार को महाविद्यालय में केन्द्र सरकार के नए न्यायिक अधिनियम-2023 के प्रचार-प्रसार पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्त्रोत वक्ता के रूप मे जिला पंचायत के सीईओं संदीप कुमार अग्रवाल एवं विकास कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विशेष रूप से उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ बीएस चौहान ने की। उन्होने इस कार्यशाला के आयोजन के उद्देश्य एवं उपयोगिता पर अपने उद्बोधन दिए। कार्यक्रम में स्त्रोत वक्ता विकास कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया गया, उन्होने भारतीय न्याय संहिता 2023 के विभिन्न बिंन्दूओं पर प्रकाश डाला तथा नागरिक सुरक्षा साक्ष्य अधिनियम के प्रमुख बिन्दूओं पर प्रकाश डाला। व्याख्यान के पश्चात विद्यार्थियों द्वारा किए गए प्रश्नों पर चर्चा की गई। जिला पंचायत सीईओं संदीप अग्रवाल द्वारा विषय संबंधी व्याख्यान दिए गए। कार्यषाला पश्चात विद्यार्थियों के लिए प्रश्नोंत्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संयोजन नरेन्द्र कुमार कुलमित्र सहायक प्राध्यापक हिन्दी द्वारा किया गया, इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के रासेयो की महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी कविता कन्नौजे, पुरूष इकाई कार्यक्रम अधिकारी डॉ राकेश चंदेल एवं एनसीसी कार्यक्रम अधिकारी भानु प्रताप सिंह का विषेष योगदान रहा। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, कर्मचारीगण उपस्थित थें।

### फायर मॉक ड्रिल डेमों से बताया आग से कैसे बचाव करें

**हरिभूमि कवर्धा।** अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं नगर सेना द्वारा जिला मुख्यालय के शासकीय कार्यालयों में फायर मॉक ड्रिल डेमों आग से बवाव के तरीके बनाएं जा रहे है। जिला मुख्यालय के आदेश अनुसार बुधवार को जिला अस्पताल व नर्सिंग कॉलेज में फायर मॉक ड्रिल डेमों के माध्यम से सभी अधिकारी-कर्मचारी व विद्यार्थियों को विद्युत शॉर्ट, एलपीजी गैस, गाड़ी व अन्य जगहों पर आग लगने के कारण बताए गए। वहीं कौन सी आग में किस एक्सटिंग्विशर को प्रयोग करना बताया गया। साथ ही आग में फंसे लोगों को बचाने के तौर-तरीके मॉक ड्रिल डेमों दिखाकर पूर्ण रूप से जानकारी दी गई। इसके अलावा बताया कि आगजनी होने पर नजदीकी पुलिस थाना, चौंकी व कोतवाली या फिर इमरजेंसी नंबर डॉयल कर अवगत करना चाहिए। अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं नगर सेना के अधिकारी नागेन्द्र कुमार सिंह, अग्निशमन प्रभारी केके श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में जिला के शासकीय-अर्धशासकीय, कार्यालय, स्कूल व कॉलेज में डेमों दिखाने का क्रम जारी है। अग्निशमन रेस्क्यू दल वाहन चालक घनश्याम, फायरमैन सुरेन्द्र धुर्वे, बद्री सहित अन्य नगर सैनिक उपस्थित थें।

### प्रशिक्षण में आसपास शाला के शिक्षक-शिक्षिकाएं हुईं शामिल

# कुण्डा जोन में प्राथमिक शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के तहत दिया गया चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशन में प्राथमिक शाला के शिक्षकों को एक साथ विभिन्न चरणों में ब्लैण्डेड मोड में फाउण्डेशनल लिट्रेसी एण्ड न्यूमरेसी का प्रशिक्षण 13 से 29 जून तक चार चरणों ऑफलाइन ट्रेनिंग दिया गया, जिसमें जिले के विकासखंड पंडरिया में डीईओ, डीएमसी, एवं डाईट कबीरधाम, बीईओ, बीआरसी के सहयोग एवं मार्गदर्शन में कुण्डा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पेण्ड्रीकला-कुण्डा में पांच दिवसीय ऑनलाईन प्रशिक्षण पूर्ण करते हुए चार दिवसीय ऑफलाईन ब्लेंडेड मोड प्रशिक्षण चार चरण में आयोजित किया गया। जिसमें संकुल केंद्र कुण्डा, पेंड्रीकला, सेमरकोना, कोलेगांव, भगतपुर, सैहामालगी, दामापुर, सुकली, डबरी, रूसे, मोहगांव, धोबघट्टी शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षक, प्रधान पाठक कुल 238 शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित हुए।

इस प्रशिक्षण में 3 से 8 वर्ष तक के छात्र छात्राओं को नई शिक्षा नीति 2020, निपुण भारत अभियान 2021 एवं एनसीएफ की रुपरेखा 2022 के संदर्भ में बुनियादी भाषा तथा संख्यात्मकता में निपुणता लाने प्रयास किया जा रहा है।

प्राथमिक विद्यालय के कक्षा 1लीं से 3रीं व 4थीं से 5वीं में अध्यापन कराने शिक्षकों को चार चरणों में प्रशिक्षण दिया गया है, इसके लिए जिला प्रशिक्षक समूह डीआरजी भागीरथी चंद्राकर, धर्मराज साहू, सुरेंद्र नेताम व शिक्षक डीआरजी की भूमिका का निर्वहन करते हुए प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण के दौरान राज्य स्त्रोत ग्रुप के सदस्य एसआरजी विषय विशेषज्ञ शिक्षक शिवकुमार बंजारे, लक्ष्मण बांधेकर डाईट महाराजपुर से एफएलएन प्रभारी आरके पाण्डेय द्वारा जिला स्तर पर उपस्थिति एवं मानिटरिंग की जा रही है। साथ ही भौतिक रूप से मानिटरिंग करते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता पर जोर देते हुए प्रशिक्षणार्थियों का डाऊट क्लीयर कर मुख्य बिन्दुओं पर फोकस करते हुए प्रशिक्षण दिया गया। जोन कुण्डा प्रभारी विष्णु प्रसाद चंद्राकर समन्वयक, प्रधान पाठक बैजनाथ चंद्राकर, प्रधान पाठक प्रदीप साहू का प्रबंधन व्यवस्था में विशेष सहयोग रहा।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071



**कार्रवाई :** वन व पुलिस की टीम ने दो ट्रैक्टर किए जप्त, राजसात की तैयारी

# वन भूमि में ट्रैक्टर से जोताई कर खेती की तैयारी करने वाले दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

खेती किसानी के इस सीजन में जिले के जंगलों की वनभूमि में भी धड़ल्ले से खेती किसानी की तैयारी चल रही है। यहां कई लोग वनभूमि पर कब्जा कर पहले जमीन में लगे हरे भरे पेड़ों को काट कर और फिर उसे बकायदा ट्रैक्टर की मदद से खेत में तब्दील कर धान बोआई की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे कुछ लोगों के खिलाफ वन विभाग की टीम ने मुखबीर की सूचना पर कार्यवाही कर रही है। ताजा मामले में वन विभाग, पुलिस विभाग और वन प्रबंधन समिति के कर्मचारियों की टीम ने रेंगाखार वन क्षेत्र का औचक निरीक्षण कर यहां वन भूमि में ट्रैक्टर की मदद से जोताई करने वाले दो ग्रामीण को दबोचने तथा दो नग ट्रैक्टर को जप्त करने में सफलता हांसिल की है। बताया जाता है कि वन विभाग को मुखबीर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि रेंगाखार परिक्षेत्र, कक्ष क्रमांक पीएफ 364 कारौंदाबाहरा (बैगाडेरा) के पास वन क्षेत्र के अन्दर कुछ लोग ट्रैक्टर की मदद से वनभूमि की जोताई कर खेती की तैयारी कर रहे हैं। इस सूचना पर टीम ने मौके पर दबिस देकर दो ट्रैक्टरों की मदद से वनभूमि में जोताई कार्य करते पाया गया। जिस पर सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं परिसर रक्षक रेंगाखार एवं संयुक्त वन प्रबंधन समिति रेंगाखार/संयुक्त वन प्रबंधन समिति अड़वार के कर्मचारी एवं पुलिस बल के सहयोग से जप्ती की कार्यवाही कर अभियुक्त ट्रैक्टर वाहन चालक खेलसिंह धुर्वे पिता अक्कलसिंह धुर्वे निवासी ग्राम करौंदाबाहरा (रेंगाखारकला) एवं सुरेन्द्र मरकाम पिता देवसिंह निवासी ग्राम बिठली, पोस्ट थाना बिरसा जिला बालाघाट मध्यप्रदेश के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 33 (आई) क एवं ग के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 18034/11 तथा क्रमांक 18034/1 पंजीबद्ध कर दो नग ट्रैक्टर नागर सहित जप्त कर सुपुर्द में लिया गया। अब वाहन राजसात की कार्यवाही की जा रही है।



### स्थानीय के साथ बाहरी कब्जाधारी भी सक्रिय

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन दिनो जिले के वनांचल क्षेत्रों में वनभूमि पर खेती की तैयारी करने वालों में स्थानीय के साथ कई बाहरी कब्जाधारी भी सक्रिय है जो जिले की सीमा से लगे पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश के ग्रामों के निवासी है। बताया जाता है कि इन लोगों द्वारा सुनियोजित ढंग से जिले की वनभूमि में कब्जा कर खेती की तैयारी की जाती है और वे अपने इस मनसूबों को अंजाम देने के लिए काफी पहले से तैयारी शुरू कर देते हैं। बताया जाता है कि वे पहले अपने गांव से करीब की वनभूमि की तलाश करते हैं और फिर उनमें लगे हरे पेड़ों को नष्ट कर जमीन को खाली कर देते हैं और फिर मौका देखरकर उसमें जोताई कर धान की बोआई करते हैं।



### धान की कीमत से बढ़ा कब्जाधारियों का लालच

बताया जा रहा है जिले के जंगलों में अवैध कब्जा कर जो लोग इस समय खेती की तैयारी कर रहे हैं उनमें से ज्यादातर लोग पहले से सरकार के वन अधिकार पट्टा प्राप्त हितग्राही हैं। जिन्हें शासन ने नियमानुसार वनअधिकार पट्टा खेती किसानी और उनके तथा उनके परिवार के भरपोषण के लिए ही दिया है। लेकिन माना जा रहा है कि जब से प्रदेश सरकार ने धान का सरकारी रेट 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल किया है इन वन अधिकार पट्टाधारियों का लालच बढ़ गया है और वे धान की अधिक पैदावार करने के उद्देश्य से अपने वन अधिकारी पट्टा का दायरा अवैध ढंग से बढ़ा रहा है और दूसरे ईलाकों की भी वन भूमि पर भी कब्जाकर खेती करने की जुगत भिड़ा रहे हैं।

# शिकायतों पर थानेदार नहीं कर रहे कार्रवाई, पुलिस मुख्यालय की दौड़ लगाने आवेदक मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

ग्रामीण व वनवासियों की शिकवा शिकायतों व समस्याओं का निराकरण स्थानीय स्तर पर हो सके इसके लिए जिले में कई थाना और पुलिस चौकियां संचालित की जा रही है। इन थानो और चौकियों में शासन ने बकायदा थानेदार और दूसरे अधिकारी कर्मचारियों के साथ ही तमाम सुविधाएं भी मुहैया कराई हैं ताकि थाना क्षेत्र की कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ थाना प्रभारी लोगों की शिकवा शिकायतों व समस्याओं का निराकरण कर लोगों का भरोसा कानून पर कायम रख सकें। लेकिन देखने में आ रहा है कि शिकवा-शिकायतों व समस्याओं के कई मामलों में संबंधित थानो व चौकी की पुलिस शासन की इस मंशा और उद्देश्य को पूरा नहीं कर पा रही हैं और जिले के ग्रामीण तथा वनांचल के आवेदकों को अपनी शिकवा शिकायत तथा समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय कवर्धा के पुलिस अधीक्षक कार्यालय की दौड़ लगानी पड़ रही है। जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र की बात की जाए तो यहां महिनो पूर्व क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगारों ने डिप्लोमा और डिग्री के नाम पर, उनके साथ करीब साढ़े चार लाख रूपए की ठगी करने वाले आरोपी के संबंध में नामजद शिकायत दर्ज कराई थी। लेकिन इन आवेदकों की माने तो कुकदुर पुलिस ने उनकी शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। जिसके चलते अब उन्होने हाल ही में जिला मुख्यालय कवर्धा पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से मामले की शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। इसी प्रकार कुकदुर थाना क्षेत्र के ग्राम भेड़ागढ़ निवासी नवविवाहित श्रीमती भागवती मरावी तथा संतोष सोनवानी ने इंटरकास्ट विवाह करने पर गांव के दबंगो द्वारा उन्हें तथा उनके परिवार को गांव से बहिष्कृत किए जाने तथा प्रताड़ित किए जाने की शिकायत करीब दो माह पूर्व थाना में दर्ज कराई थी लेकिन इस पर भी कुकदुर पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई और असंतुष्ट जोड़े को जिला मुख्यालय के पुलिस अधीक्षक कार्यालय की दौड़ लगानी पड़ी। वहीं बात पिपरिया थाना की कि जाए तो यहां भी एक युवक की संदिग्ध मौत के मामले में जांच के नाम पर लीपापोती किए जाने के कारण मृतक के असंतुष्ट परिजनो की मांग पर प्रदेश के गृह मंत्री को विशेष जांच दल गठित करना पड़ गया। यहां बताना लाजिमी होगा कि ये तो हाल के ही कुछ मामले हैं। अगर पूरे जिले के थानो का हाल देखा जाए तो प्रायः हर थानो में कमोबेश यही स्थिति देखने को मिल रही है। जबकि देखा जाए तो कबीरधाम जिला प्रदेश के गृह मंत्री का गृह जिला है। इस लिहाज से यहां की कानून व्यवस्था और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली दूसरे जिलों से बेहतर होनी ही चाहिए।

## खबर संक्षेप



### श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ

**कोलेगांव।** पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव में नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन स्व श्रीमती रामबाई शर्मा की वार्षिक श्राद्ध में दुष्यंत शर्मा के निज निवास में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शुक्रवार को भव्य व उमंग व हर्षोल्लास के साथ नगर भ्रमण कर जल यात्रा निकाली गई। श्रीमद्भागव कथा समय सुबह 9 बजे से हरी इच्छा तक आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों व भक्तजनों का कथा रसपान कराया जा रहा है। वहीं मुख्य यजमान श्रीमती श्रद्धा दुष्यंत शर्मा विराजमान है। साथ ही साथ ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होकर कथा श्रवण कर अपने जीवन को कृतार्थ करने अपील की गई।

### सड़क दुर्घटना में मोटर सायकल सवार घायल

**कवर्धा।** जिले के बोड़ला थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़ियापारा से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में शनिवार की दोपहर एक तेज रफ्तार कार के चालक ने मोटर सायकल सवार ग्रामीण को जोरदार टक्कर मार दी। इस सड़क दुर्घटना में मोटर सायकल सवार ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी कार चालक घटना के बाद फरार हो गया।

# इंदौरी-खपरी मार्ग का सीसी रोड उखड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

जिले के विकासखण्ड कवर्धा के ग्राम इन्दौरी खपरी मुख्य मार्ग का एक बड़ा हिस्सा उखड़ जाने के कारण क्षेत्रवासियों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की माने तो बारिश होने के बाद यह समस्या और भी ज्यादा गंभीर हो चुकी है जिससे राहगीरों के दुर्घटनाग्रस्त होने की भी संभावना बनी हुई है। यहां बताना लाजिमी होगा कि इंदौरी-खपरी मार्ग में निर्मित सीसी रोड़ का मरम्मत कार्य अभी साल भर पहले ही कराया गया था लेकिन संबंधित ठेकेदार द्वारा इस मरम्मत कार्य को इतने घटिया दर्जे का किया गया था कि महज कुछ ही महिनो में सीसी रोड़ का दम निकल गया और अब तो इस मार्ग का एक बड़ा हिस्सा उखड़ ही गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इंदौरी-खपरी मार्ग इस क्षेत्र का एक मुख्य मार्ग है और इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में दर्जनो ग्रामों के ग्रामीणो, किसानो तथा स्कूली व महाविद्यालयीन विद्यार्थियों का आना जाना लगा रहता है। पर अब इस सड़क के उखड़ जाने के कारण इन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर वे ग्रामीण जो रात के अंधेरे में अपने गांव पाव लौटते हैं उन्हें एक तो मार्ग में प्रकाश व्यवस्था नहीं होने के कारण और तथा खतरनाक मोड़ पर उखड़े सीसी रोड़ के कारण और भी ज्यादा परेशानी होती है तथा उनके दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बनी रहती है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि यह सब जानने और समझने के बाद भी मार्ग में निर्माण इस कदर की कोताही और उस पर शासन-प्रशासन की मूक सहमति समझ से परे है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने शासन, प्रशासन तथा क्षेत्री विधायक से जल्द से जल्द सड़क मरम्मत करा जाने की मांग की है।

## रोपा की तैयारी...



कवर्धा। अंचल में मानसून की सक्रियता के साथ धान रोपा की तैयारी में जुटे किसान।

# शासकीय प्राथमिक शाला बरभांवर में किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

शासकीय प्राथमिक शाला बरभांवर में 29 जून दिन शनिवार को शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों एवं पालकगणों और बच्चों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया। जिसमें सभी को उनके लगाए गए पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी गई। इस अवसर पर उपस्थित जनो को पेड़ों का महत्व बताते हुए और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया गया। शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष ने कहा कि पेड़ नहीं होगा तो हमारा जीवन जीना संभव नहीं है क्योंकि इस वर्ष के तापमान को देखते हुए यह कहना गलत नहीं होगा कि आने वाला समय हमारे लिए और भी ज्यादा कठिन होगा। इसलिए हम सभी को एक पेड़ जरूर लगाताना चाहिए और दूसरों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना चाहिए तभी कहीं जाकर हमारा जीवन जीना संभव हो पायेगा। इसी के साथ सभी ने अपने-अपने पेड़ों को जीवित रखने हेतु दृढ़ संकल्प लिए तथा अ प नी अपनी पेड़ों की जवाबदारी ली। जिसमें मुख्य रूप से श्रीमती आरती छेदावी (प्रधान पाठिका), एसएमसी अध्यक्ष पोखन साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती मरकाम, सदस्य श्रीमती ललिता यादव, सहायक शिक्षिका श्रीमती हेमलता धुर्वे, एवं शाला परिवार के साथ बड़ी संख्या में स्कूली के विद्यार्थी उपस्थित थे।



# विद्युत विभाग की खस्ताहाल व्यवस्था और अनदेखी, मवेशियों की जान पर पड़ रही भारी

- ग्राम बरकुही में तीन दिनो के भीतर करंट से आधा दर्जन मवेशियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा



जिले के विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम बरकोही में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कम्पनी की खस्ताहाल व्यवस्था और अनदेखी इन दिनो मवेशियों की जान पर भारी पड़ रही है। बताया जाता है कि यहां बीते तीन दिनो आधा दर्जन मवेशियों की करंट की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो चुकी है। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इसके बाद भी विद्युत विभाग अपनी व्यवस्था और खेत में टूटे पड़े करंट प्रवाहित तार को हटाने तथा सप्लाई बंद करने की जहमत नहीं उठा रहा है। जिसे देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि विभाग किसी बड़ी घटना की बाट जोह रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम बरकोही में शनिवार को कुछ मवेशी खेत में चरने गए थे। इसी दौरान खेत में टूट कर गिरे पड़े करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से तीन मवेशियों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों की माने तो दो दिन पूर्व भी इस गांव में करंट की चपेट में आने से तीन मवेशियों की मौत हो चुकी है। जबकि इन घटनाओं पूर्व ही स्थानीय ग्रामीणों द्वारा विभाग को खेत में टूट कर गिरे पड़े करंट प्रवाहित तार के संबंध में जानकारी देते हुए विद्युत सप्लाई बंद करने और तार को व्यवस्थित करने की अर्जी विनती की गई थी। लेकिन विभाग ने ग्रामीणों की इस बात को एक कान से सुनने के बाद मानो दूसरे कान से निकाल दिया। इसे विद्युत विभाग की बड़ी लापरवाही माना जा रहा है जो सूचना के बाद भी मौके पर नहीं पहुंचा। ऐसे में कहा यही जा रहा है कि शायद विभाग को किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार है।

# मोर सपना, मोर विकसित छत्तीसगढ़ के लिए मांगे सुझाव

- छत्तीसगढ़ विजन /2047 डॉक्यूमेंट के लिए आम जनता से मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

मोर सपना, मोर विकसित छत्तीसगढ़ में आप भी भाग लेकर अपने राज्य के भविष्य निर्माण में सहायक हो सकते हैं। आपको सिर्फ करना यहा है की छत्तीसगढ़ में विकास के लिए आप क्या जरूरी समझते हैं अपने सुझाव को 30 जुलाई 2024 तक क्यूआर कोड के माध्यम से भेजें। उल्लेखनीय है कि 15 अगस्त 2021 को लाल किले की प्राची से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संकल्प लिया गया था कि 2047 तक आजादी के 100 वें वर्ष पूर्ण होने पर देश को विकसित राष्ट्र बनाएंगे। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी द्वारा अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन /2047 डॉक्यूमेंट विकसित राज्य के लिए पहल की गई है। इसके लिए राज्य नीति आयोग द्वारा नागरिक पोर्टल का निर्माण किया गया है जिसके माध्यम से छत्तीसगढ़ की जनता एवं शासकीय अधिकारी-कर्मचारी राज्य के विकास के लिए अपने सुझाव राज्य नीति आयोग तक पहुंच सकते है। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन /2047 डॉक्यूमेंट का निर्माण हो रहा है। राज्य के विकास को समावेशी बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा आम जनता से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। इसमें छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक सामाजिक आर्थिक एवं अधोसंरचना विकास सहित अन्य सुझाव दिया जा सकता है।

वापसी पर केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने दी स्काउट्स एवं गाइड्स टीम को शुभकामनाएं

# जिले के भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने राज्य स्तरीय कैम्प में लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ रायपुर राज्य मुख्य आयुक्त डॉ.सोमनाथ यादव एवं राज्य सचिव कैलाश सोनी, डॉ. करुणा मसीह (एसओसी) के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त योगदास साहू, जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त सुजीत कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में 22 से 26 जून तक इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ एडवेंचर एंड अलाइड स्पोर्ट मनाली (बेस कैंप)में राज्य स्तरीय पर्वतारोहण, व्यक्तित्व विकास एवं आपदा प्रबंधन शिविर (साहसिक गतिविधि) आयोजित किया गया। जिसमें 10 जिले से 124 बच्चे शामिल हुए। इस कैम्प में कबीरधाम जिले के 05 स्काउट, 05 गाइड एवं गाइड कैप्टिन संजू मिश्रा व रोवर लीडर विजय कुमार साहू शामिल हुए। जिनके एडवेंचर पश्चात कुशल दिल्ली वापसी पर छत्तीसगढ़ के केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने बच्चो को फोन कर बधाई दी। इस एडवेंचर में राष्ट्रीय मुख्यालय दिल्ली द्वारा नियुक्त शिविर संचालक राजेंद्र सिंह राजपूत के कुशल मार्गदर्शन में बच्चो ने प्रथम दिवस पंजीयन पश्चात शाम 3 बजे पारसा वाटर फॉल्स 10 किलोमीटर पहाड़ पर चढ़कर ट्रैकिंग की। द्वितीय दिवस एक्टीविटी में व्यास नदी पर जिपलाइन, वेलिक्रॉसिंग, स्ट्रिम क्रॉसिंग का अभ्यास कर सफलता हांसिल किए। शाम को पांडव द्वारा स्थापित प्राचीन गायत्री मंदिर दर्शन के लिए 8 किलो मीटर घाटी चढ़कर ट्रैकिंग की। इसी प्रकार तीसरे, चौथे तथा पांचवे दिन भी अलग-अलग गतिविधियां की गई गई। इन गतिविधि में सहभागिता कराने के लिए कबीरधाम जिले से पूनम पटेल, परमेश्वरी साहू, मनीषा चंद्रवंशी, ज्योति घोंसले, सुमन कोसले, मनीष चंदेल, हीरालाल साहू, शशांक पाण्डेय, राहुल बंजारे, सागर निर्मलकर, गाइड कैप्टिन संजू मिश्रा व रोवर लीडर विजय कुमार साहू ने भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स को बहुत-बहुत धन्यवाद ज्ञापित किया। स्काउट गाइड एवं प्रभारियों कि सकुशल वापसी पर जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त योगदास साहू, सहायक संचालक महेन्द्र कुमार गुप्ता, जिला प्रशिक्षण आयुक्त सुजीत कुमार गुप्ता, पंकज सिंह ठाकुर ने बधाई एवं शुभकामनायें दी।

# प्रीबीएड तथा प्री डीएलएड परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा, कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏩कवर्धा

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा 30 जून 2024 दिन रविवार को दो पालियों में प्रथम पाली सुबह 10 बजे से 12.15 बजे और दूसरी पाली दोपहर 02 बजे से शाम 4.15 बजे तक प्री.बीएड तथा प्री. डीएलएड की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में रविवार को आयोजित होने वाले प्री.बीएड तथा प्री.डीएलएड परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने केन्द्राध्यक्ष और उडऩदस्ता दलों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी आरबी देवांगन सहित केन्द्राध्यक्ष और उडऩदस्ता टीम उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि परीक्षा में प्री.बीएड परीक्षा में 8 हजार 505 परीक्षार्थी शामिल होंगे। वहीं प्री.डीएलएड परीक्षा में 12 हजार 437 परीक्षार्थी शामिल हांगे। बैठक में बताया गया कि प्री.बीएड के लिए 26 परीक्षा केन्द्र और प्री.डीएलएड के लिए 42 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए है। परीक्षा केंद्रों के लिए जिला स्तर से केन्द्रवार पर्यवेक्षक भी बनाया गया है। पर्यवेक्षक को परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन के लिए निर्देशित भी किया गया है। बैठक में बताया गया कि परीक्षा की पूरी तैयारी कर ली गई है।

